केन्द्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग

दक्षता आधारित प्रश्न

छात्र सहायक **अध्ययन** सामग्री

कक्षा –XII (सत्र 2023–2024)

हिन्दी (आधार) विषय कोड़ - 302

मुख्य संरक्षक
डॉ. डी. मंजुनाथ
उपायुक्त

संरक्षक

श्री **टी.प्रभुदास** , सहायक **आयुक्त**

श्रीमती जी. **कृष्णावेणी** , सहायक **आयुक्त**

श्री एम. राजेश्वर **राव**, सहायक **आयुक्त**

श्री रेजी **वी आर** नाथ, सहायक **आयुक्त**

संयोजक
वीरेन्द्र कुमार
प्राचार्य, के. वि. **कंचनबाग**, **हैदराबाद**

छात्र सहायक अध्ययन सामग्री निर्माण समिति :

1. डॉ. आनंद दीक्षित, स्नातकोत्तर.शिक्षक -हिंदी, के.वि.क्र. 1 गोलकोंडा
2. श्री दिनेश कुमार, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.एन.एफ.सी. घट्‌केसर
3. श्री राम शंकर कुशवाह, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.सी.आर.पी एफ. बारकस
4. श्री नवनीत कुमार, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.क्र. 2 वायुसेना अकादमी, दुन्दिगल
5. श्री राजू प्रकाशराव डी., स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.बोवनपल्ली
6. डॉ. पी. के पाण्डेय, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.वेंकटगिरी
7. श्री उमेश दोशी, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.वायु सेना स्टेशन, हाकिमपेट
8. श्री रामचंद्र राव, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.क्र. 2 श्री विजयनगर, विशाखापत्तनम
9. श्रीमती सुजाता चौकिया, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.रा.पु.अकादमी, शिवरामपल्ली
10. श्री अनुराग सिंह, स्नातकोत्तर.शिक्षक - हिंदी, के.वि.पिकेट

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद

विद्यार्थी अध्ययन सामग्री

विषय : हिन्दी (कोड संख्या - 302)

अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- (1×10=10)

1.उपवास और संयम ये आत्महत्या के साधन नहीं हैं। भोजन का असली स्वाद उसी को मिलता है जो कुछ दिन बिना खाए भी रह सकता है। "त्यक्तेन भुंजीथा:" जीवन का भोग त्याग के साथ करो,यह केवल परिमार्थ का ही उपदेश नहीं है, क्योंकि संयम से भोग करने पर जीवन में जो आनंद प्राप्त होता है,वह निरा भोगी बनकर भोगने से नहीं मिल पाता। जिंदगी की दो सूरतें हैं- एक तो यह कि आदमी बड़े से बड़े मकसद के लिए कोशिश करें, जगमगाती हुई जीत पर पंजा डालने के लिए हाथ बढ़ाए और अगर असफलताएं कदम-कदम पर जोश की रोशनी के साथ अंधियाली का जाल बुन रही हों,तब भी वह पीछे को पांव न हटाए। दूसरी सूरत यह है कि उन गरीब आत्माओं का हमजोली बन जाए जो न तो बहुत अधिक सुख पाती हैं और जिन्हें बहुत अधिक दुःख पाने का संयोग है, क्योंकि वे आत्माएं ऐसी गोधूलि में बसती हैं जहां न तो जीत हंसती है और न कभी हार के रोने की आवाज सुनाई पड़ती है। इस गोधूलि वाली दुनिया के लोग बंधे हुए घाट का पानी पीते हैं, वे जिंदगी के साथ जुआ नहीं खेल सकते और कौन कहता है कि पूरी जिंदगी को दांव पर लगा देने में कोई आनंद नहीं है? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। जिंदगी से,अंत में,हम उतना ही पाते हैं जितनी की उसमें पूंजी लगाते हैं।यह पूंजी लगाना जिंदगी के संकटों का सामना करना है, उसके उस पन्ने को पलटकर पढ़ना है जिसके सभी अक्षर फूलों से ही नहीं कुछ अंगारों से भी लिखे गए हैं। जिंदगी का भेद कुछ उसे ही मालूम है जो यह जानकर चलता है कि जिंदगी कभी खत्म नहीं वाली चीज है। अरे! वो जीवन के साधकों किनारे की मरी सीटियों से ही तम्हें संतोष हो जाए तो समुद्र के अंतराल में छिपे हुए मौक्तिक कोष को कौन बाहर लाएगा। दुनिया में जितने भी मजे बिखेरे गये हैं उनमें तुम्हारा भी हिस्सा है। वह चीज भी तुम्हारी हो सकती है जिसे तुम अपनी पहुंच के परे मानकर लौटे जा रहे हो। कामना का अंचल छोटा मत करो, जिंदगी के फल को दोनों हाथों से दबाकर निचोड़ो,रस की निर्झरी तुम्हारे बहाए भी बह सकती है।

(I) "त्यक्तेन भुंजीथा:" कथन से लेखक के व्यक्तित्व की किस विशेषता का बोध होता है?

(क) परिवर्जन

(ख) परिवर्तन

(ग) परावर्तन

(घ) प्रत्यावर्तन

(II) मंजिल पर पहुंचने का सच्चा आनंद उसे मिलता है, जिसने उसे –

(क) आन की आन में प्राप्त कर लिया हो।

(ख) पाने के लिए भरसक प्रयास किया हो।

(ग) हाथ बढ़ाकर मुट्ठी में कर लिया हो।

(घ) सच्चाई से अपने सपनों में बसा लिया हो।

(III) "गोधूलि" शब्द का क्या तात्पर्य है?

(क) कामधेनु

(ख) गगनधूलि

(ग) संध्या बेला

(घ) गोद ली कन्या

(IV) "गोधूलि" वाली दुनिया के लोगों से क्या अभिप्राय है?

(क) क्षितिज में लालिमा फैलाने वाले।

(ख) गायों के खुरों से धूलि उड़ाने वाले।

(ग) जीवन को दांव पर लगाने वाले।

(घ) विवशता और अभाव में जीने वाले।

(V) जीवन में असफलताएं मिलने पर भी साहसी मनुष्य क्या करता है?

(क) बिना डरे आगे बढ़ता है क्योंकि डर के आगे जीत है।

(ख) पराजय से निपटने के लिए फूंक-फूंककर कदम आगे रखता है।

(ग) अपने मित्र बंधुओं से सलाह और मदद के विषय में विचार करता है।

(घ) असफलता का कारण ढूंढकर पुनः आगे बढ़ने का प्रयास करता है।

(VI) आप कैसे पहचानेंगे कि कोई व्यक्ति साहस की जिंदगी जी रहा है?

(क) जनमत की परवाह करने वाला।

(ख) निडर और निशंक जीवन जीने वाला।

(ग) शत्रु के छक्के छुड़ाने वाला।

(घ) भागीरथी प्रयास करने वाला।

(VII) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(१) प्रत्येक परिस्थिति का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

(२) मनुष्य अपने दृढमंतव्य व कठिन परिश्रम से सर्वोच्च प्राप्ति की ओर अग्रसर रहता है।

(३) विपत्ति सदैव समर्थ के समक्ष ही आती है, जिससे वह पार उतर सके।

उपरिलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सही है/हैं?

(क) केवल पहला

(ख) केवल दूसरा

(ग) पहला और दूसरा

(घ) दूसरा और तीसरा

(VIII) "जिंदगी को दांव पर लगा देने में कोई आनंद नहीं है? लेखक इससे सिद्ध करना चाहते हैं कि जिंदगी -

(क) रंगमंच के कलाकारों की तरह व्यतीत करनी चाहिए।

(ख) जिंदगी में सकारात्मक परिस्थितियां ही आनंद प्रदान करती हैं।

(ग) जिंदगी में प्रतिकूलता का अनुभव जीवनोपयोगी होता है।

(घ) जिंदगी केवल दु:खद स्थितियों का सामना करवाती है।

(IX) किन व्यक्तियों को सुख का स्वाद अधिक मिलता है?

(क) जो अत्यधिक सुख प्राप्त करते हैं।

(ख) जो सुख-दु:ख से दूर होते हैं।

(ग) जो पहले दु:ख झेलते हैं।

(घ) जो सुख को अन्य लोगों से साझा करते हैं।

(X) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) "जिंदगी के फल को दोनों हाथों से दबाकर निचोड़ो, रस की निर्झरी तुम्हारे बहाए भी बह सकती है"।

कारण (®) जिंदगी रूपी फल का रसास्वादन करने के लिए दोनों हाथों से श्रम करना होगा।

(क) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही है। (ग) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(घ) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है।

2. सिनेमा जगत के अनेक नायक-नायिकाओं, गीतकारों, कहानीकारों और निर्देशकों को हिन्दी के माध्यम से पहचान मिली है। यही कारण है कि गैर हिन्दी भाषी कलाकार भी हिन्दी की ओर आए हैं। समय और समय के उभरते सच को पर्दे पर पूरी अर्थवत्ता में धारण करने वाले ये लोग दिखावे के लिए भले ही अंग्रेजी के आग्रही हों लेकिन बुनियादी और जमीनी हकीकत यही है कि इनकी पूंजी, इनकी प्रतिष्ठा की एकमात्र निमित्त हिन्दी ही है। लाखों-करोडों दिलों की धड़कनों पर राज करने वाले ये सितारे हिन्दी फिल्मों और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं। छोटे पर्दे (टेलीविजन) ने आम जनता के घरों में अपना मुकाम बनाया तो लगा हिन्दी आम भारतीय की जीवन-शैली बन गई। हमारे आदि ग्रन्थों रामायण और महाभारत को जब हिन्दी में प्रस्तुत किया गया तो सड़कों का कोलाहल सन्नाटे में बदल गया। "बुनियाद" और "हम लोग" से शुरू हुआ सोप ओपेरा का दौर हो अथवा सास बहू धारावाहिकों का, ये सभी हिन्दी की रचनात्मकता और उर्वरता के प्रमाण हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' से करोड़पति चाहे जो बने हों, परन्तु सदी के महानायक की हिन्दी हर दिल की धड़कन की भाषा बन गई। सुर और संगीत की प्रतियोगिता में कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र,असम, सिक्किम जैसे गैर हिन्दी भाषी क्षेत्रों के कलाकारों ने हिन्दी गीतों के माध्यम से पहचान बनाई। ज्ञान गंभीर "डिस्कवरी चैनल हो या बच्चों को रिझाने-लुभाने वाला "टाम एण्ड जेरी" इनके हिन्दी उच्चारण की मिठास और गुणवत्ता अद्भुत, प्रभावी और ग्राह्य है। धर्म-संस्कृति, कला-कौशल, ज्ञान--विज्ञान सभी कार्यात्मक हिन्दी-संप्रेषणीयता के प्रमाण हैं।

(I) कहानीकारों और निर्देशकों को पहचान किससे मिली है?

(क) कहानी से

(ख) कविता से

(ग) हिन्दी से

(घ) फिल्मों से

(II) किन कलाकारों ने हिन्दी की ओर रुख किया है?

(क) हिन्दी भाषी

(ख) गैर हिन्दी भाषी

(ग) देशी

(घ) विदेशी

(III) पर्दे पर अर्थवत्ता को धारण करते लोग दिखावे के लिए किस भाषा के आग्रही हैं?

(क) अंग्रेजी

(ख) मराठी

(ग) पंजाबी

(घ) हिन्दी

(IV) कब सड़कों पर कोलाहल सन्नाटे में बदल जाता था?

(क) विवाह समारोह के दौरान

(ख) रामायण और महाभारत की प्रस्तुतीकरण के दौरान

(ग) मेले के दौरान

(घ) खेलों के दौरान

(V) हिन्दी कब हर दिल की धड़कन बन भाषा बन गई?

(क) धारावाहिकों के कारण

(ख) संगीत के कारण

(ग) कौन बनेगा करोड़पति के कारण

(घ) हमलोग के कारण

(VI) गैर हिन्दी कलाकारों ने हिन्दी गीतों के माध्यम से कहां पहचान बनाई?

(क) सुर और संगीत की प्रतियोगिता में

(ख) टाम एण्ड जेरी में

(ग) शक्तिमान में

(घ) रामायण में

(VII) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(१) छोटे पर्दे से तात्पर्य टेलीविजन पर आने वाले कार्यक्रम से है।

(२) छोटे पर्दे से तात्पर्य नाटक से है।

(३) छोटे पर्दे से तात्पर्य लघु फिल्म से है।

उपरिलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन से सही है/हैं ?

(क) केवल दूसरा

(ख) केवल पहला

(ग) केवल तीसरा

(घ) पहला और तीसरा

(VIII) बच्चों की लुभाने वाले—--------- की हिन्दी-उच्चारण और मिठास की गुणवत्ता प्रभावी और ग्राह्य है। रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए -

(क) टाम एण्ड जेरी

(ख) डिस्कवरी चैनल

(ग) रामायण और महाभारत

(घ) उपरोक्त सभी

(IX) "रचनात्मक" शब्द से मूल शब्द पहचानिए।

(क) रच

(ख) रचना

(ग) रना

(घ) चना

(X) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन - प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक भारतीय सिनेमा है।

कारण- सिनेमा में केवल रामायण दिखाई जाती है।

(क) कथन गलत है और कारण सही है।

(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ग) कथन सही है और कारण गलत है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं।

3. एक युवा अपने जोश और ताकत से पूरी तरह ओत-प्रोत होता है। युवा पीढ़ी किसी भी समाज और देश की रीढ़ की हड्डी होती है। किसी भी देश के युवा ही उस देश का भविष्य तय करते हैं। इसकी बानगी हम स्वाधीनता संग्राम में देख चुके हैं। युवाओं की सबसे बड़ी खासियत है कि फौलादी जिगर,ढृढ इच्छाशक्ति, जोखिम लेने की क्षमता और कुछ नया करने की ललक रखते हैं। जब युवाओं की बात हो तो भला स्वामी विवेकानंद को कौन भूल सकता है, जो आज भी दुनिया के लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। युवाओं को अवसर दिए बिना कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है। आज भारत को हम सबसे बड़ा युवा देश कह सकते हैं,वह इसलिए नहीं कि देश अभी अभी आजाद हुआ है बल्कि इसलिए क्योंकि इस समय भारत में युवावर्ग की जनसंख्या पूरे विश्व के देशों से अधिक है। युवा की विशेषता यही है कि उसके काम में तेजी,फुर्ती और एक नया जोश है, उसमें ऊर्जा की भरमार है। पर हां,यह नहीं कि युवाओं से बड़े, जिन्हें हम बुज़ुर्ग कह सकते हैं, उनकी जरूरत नहीं है, ऐसा कहना उचित नहीं है। बुजुर्ग भी देश के विकास के लिए उतने ही जरूरी हैं जितने युवा। इन दोनों के तालमेल से बड़े से बड़े कार्य को जल्द से जल्द और एक बेहतर तरीके से कर सकते हैं। बड़े बुजुर्ग अपने अनुभव और युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग कर देश को नई उपलब्धि दिला सकते हैं। पर देश का दुर्भाग्य ही समझो कि युवा और बुजुर्गो के तालमेल में कमी आ रही है। हमारी संस्कृति जिसमें इन युवाओं को अपने बुजुर्गो से सीखना चाहिए वे उनसे दूर होते जा रहे हैं। आज का आधुनिकीकरण दोनों वर्गों में जैसे दीवार बन गया हो।

(I) भारत को युवा भारत क्यों कहा जाता है?

(क) स्वतंत्रता प्राप्ति को अभी बहुत समय न होने के कारण।

(ख) भारत की जनसंख्या विश्व में बहुत अधिक होने के कारण।

(ग) भारत में युवाओं की संख्या अधिक होने के कारण।

(घ) देश के विकास में युवाओं की सहभागिता अधिक होने के कारण।

(II) युवा पीढ़ी को किसी देश की रीढ़ की हड्डी क्यों कहा जाता है?

(क) उसे ढ़ढ़ता प्रदान करने की शक्ति के कारण।

(ख) उसका भविष्य निर्माता होने के कारण।

(ग) उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करने के कारण।

(घ) जोश और ताकत से ओत-प्रोत होने के कारण।

(III) "युवाओं को अवसर देने से स्वामी विवेकानंद जी का क्या अभिप्राय था?

(क) देश की राजनीति में भागीदारी

(ख) देश के विकास में भागीदारी

(ग) देश की रक्षा में भागीदारी

(घ) देश की योजनाओं में भागीदारी

(IV) देश के विकास के लिए युवाओं और बुजुर्गो के बीच तालमेल क्यों जरूरी है?

(क) युवाओं का जोश और बुजुर्गो का संयम देश को नई उपलब्धि दिला सकता है।

(ख) युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गो का अनुभव देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

(ग) युवाओं की गति और बुजुर्गो का प्रबंधन देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

(घ) युवाओं की फुर्ती और बुजुर्गो का धैर्य देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

(V) युवाओं और बुजुर्गो के बीच बढ़ती खाई का क्या कारण है?

(क) तकनीक का विकास

(ख) व्यस्त जीवन शैली

(ग) पाश्चात्य संस्कृति

(घ) आधुनिकीकरण

(VI) विवेकानंद जी की दृष्टि में युवाओं के लिए शर्म की बात क्या है?

(क) बड़े बुजुर्गो की उपेक्षा

(ख) युवा पीढ़ी की संवेदनहीनता

(ग) वृद्धाश्रमों का बनना बनाना

(घ) युवाओं का गैर जिम्मेदार रवैया

(VII) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(१) देश की राजनीति बूढ़ी हो गई है।

(२) लोगों की अपेक्षाएं अधूरी रह गई हैं।

(३) देश के युवाओं से राजनीति में प्रवेश का आग्रह करने का मुख्य उद्देश्य देश की रक्षा करना है।

उपरिलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सही है/हैं?

(क) पहला और दूसरा

(ख) केवल दूसरा

(ग) केवल तीसरा

(घ) केवल पहला

(VIII) "कमल तोड़ना है तो कीचड़ में उतरना ही होगा" का क्या आशय है?

(क) गंदगी को दूर करना है तो गंदगी में जाना ही होगा।

(ख) कमल को पाना है तो गंदगी में पांव रखना ही होगा।

(ग) कुछ अच्छा पाने के लिए गंदगी में पैर रखना ही पड़ता है।

(घ) देश में बदलाव लाने के लिए राजनीति का हिस्सा बनना पड़ता है।

(IX) एक स्वस्थ समाज की संरचना के लिए क्या आवश्यक है?

(क) अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना।

(ख) ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना।

(ग) युवाओं और बुजुर्गो की सहभागिता।

(घ) आधुनिक तकनीक का प्रयोग।

(X) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन - प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक युवा पीढ़ी और देश का भविष्य है।

कारण- क्योंकि युवा पीढ़ी केवल सत्य पर ही चलती है।

(क) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

(ख) कथन सही है और कारण गलत है।

(ग) कथन गलत है और कारण सही है।

(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

4. इस संसार को कर्मक्षेत्र कहा गया है। सारी सृष्टि कर्मरत है। छोटे से छोटा प्राणी भी कर्म का शाश्वत संदेश दे रहा है। प्रकृति के साम्राज्य में कहीं भी अकर्मण्यता के दर्शन नहीं हो रहे हैं। सूर्य, चंद्र, पृथ्वी,ग्रह-नक्षत्रादि निरंतर गतिशील हैं। नियमानुकूल सूर्योदय होता है और सूर्यास्त तक किरणें प्रकाश बिखेरती रहती हैं। रात्रिकालीन आकाश में तारावली तथा नक्षत्रावली का सौंदर्य विहंस उठता है। क्रमशः बढ़ती-घटती चंद्रकला के दर्शन होते हैं। इसी तरह विभिन्न ऋतुओं का चक्र अपनी धुरी पर चलता रहता है। नदियां अविरल गति से बहती रहती हैं। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी,सबके जीवन में सक्रियता है। वस्तुत: कर्म से परे जीवन का कोई उद्देश्य नहीं है। मनुष्य का जन्म पाकर हाथ-पैर तो हिलाने ही होंगे। हमारे प्राचीन ऋषियों ने शतायु होने की किंतु कर्म करते हुए जीने की इच्छा प्रकट की थी। इतिहास साक्षी है कि कितने ही भारतीय युवकों ने कर्मशक्ति के बल पर चंद्रगुप्त की भांति शक्तिशाली साम्राज्यों की स्थापना की। आधुनिक युग में भारत जैसे विशाल जनतंत्र की स्थापना करने वाले गांधी, नेहरू, पटेल आदि कर्मपथ पर दृढ़ता के ही प्रतिरूप थे। दूसरी ओर इतिहास उन सम्राटों को भी रेखांकित करता है जिनकी अकर्मण्यता के कारण महान साम्राज्य नष्ट हो गये। वेद, उपनिषद, कुरान, बाइबिल, आदि सारे धर्म-ग्रन्थ कर्मठ मनीषियों की ही उपलब्धियां हैं। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की गौरव-गरिमा उन वैज्ञानिकों की देन है जिन्होंने साधना की बलिबेदी पर अपनी हर सांस समर्पित कर दी। विज्ञान कर्म का साक्षात् प्रतीक है। सुख-समृद्धि के शिखर पर आसीन प्रत्येक जाति कर्मशक्ति का परिचय देती है।

(I) किसके साम्राज्य में कहीं भी अकर्मण्यता के दर्शन नहीं होते?

(क) सम्राट के

(ख) प्रकृति के

(ग) ईश्वर के

(घ) लोगों के

(II) सूर्य, चंद्रमा आदि कैसे ग्रह हैं?

(क) ठहरे हुए

(ख) पथभ्रष्ट

(ग) गतिशील

(घ) रात्रिकालीन

(III) किसका चक्र चलता रहता है?

(क) ऋतुओं का

(ख) सूर्य का

(ग) धर्म का

(घ) समाज का

(IV) हमारे ऋषियों ने कैसे होकर जीने की इच्छा प्रकट की है?

(क) दढनिश्चयी

(ख) शतायु

(ग) कर्मवीर

(घ) शक्तिहीन

(V) भारतीय युवकों ने कर्मशक्ति के बल पर किसकी भांति साम्राज्यों की स्थापना की?

(क) कृष्णदेव राय

(ख) अकबर

(ग) महामना

(घ) चंद्रगुप्त मौर्य

(VI) गांधी, नेहरू किसके प्रतिरूप थे?

(क) कर्मपथ के

(ख) भाग्य के

(ग) आत्मा के

(घ) परमात्मा के

(VII) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(१) कर्म का साक्षात् रूप ज्ञान है।

(२) कर्म का साक्षात् रूप विज्ञान है।

(३) कर्म का साक्षात् रूप इतिहास है।

उपरिलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से हीसही है/हैं?

(क) पहला और दूसरा

(ख) केवल दूसरा

(ग) केवल पहला

(घ) केवल तीसरा

(VIII) वेद, उपनिषद, कुरान आदि किसकी उपलब्धियां हैं?

(क) विद्वानों की

(ख) मनीषियों की

(ग) वैज्ञानिकों की

(घ) गुरुओं की

(IX) गद्यांश का उचित शीर्षक बताइए-

(क) भारतीय युवकों का कार्य

(ख) कर्म का महत्व

(ग) धर्म का गुणगान

(घ) उपरोक्त सभी

(X) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन- कर्म शब्द के पर्यायवाची शब्द काम, कार्य और काज हैं।

कारण- कर्म सदैव निष्क्रिय होता है।

(क) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ग) कथन गलत है और कारण सही है।

(घ) कथन सही है और कारण गलत है।

5. गत दशकों में पश्चिम का अनुकरण करके विज्ञान और शिल्पीय विकास की उपलब्धियों से लाभ उठा कर हमने अपने देश को आगे बढ़ाने का जी-जान से प्रयत्न किया है, परंतु दूसरी ओर हमारी असली बुनियाद को धक्का लग रहा है - इस बात की ओर हमारा ध्यान जाना चाहिए। मानव-जीवन का आधार कोरी दाल-रोटी नहीं, मानसिक सुख-शांति है। "सादगी और उच्च विचार' के आदर्श की जगह "खाओ-पियो-मौज करो" का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। स्वतंत्रता, उच्छृंखलता की पर्याय बनती जा रही है, घूसखोरी, नशेबाजी, भोग-लिप्सा बढ़ती जा रही है, कुछ अराजकता जैसी स्थिति बनती जा रही है। उदार शिक्षण से, सामाजिक संपर्क की सुगमता से, जहां भावनाएं उदार और व्यापक बनती जा रही हैं वहां व्यक्तिगत जीवन में हम अपने आदर्शों से गिरते नज़र आ रहे हैं। बुद्धिवाद हमें संवेदनहीन बना रहा है, मानवता से पशुता की ओर धकेल रहा है। हम विज्ञान का सहारा लेकर मानवीय मूल्यों का अवमूल्यन करते दिखाई पड़ रहे हैं। विज्ञान और अध्यात्म वास्तव में एक ही सिक्के के दो पहलू हैं- दोनों सत्यशोधक जगत् हैं। एक भौतिक व्यक्त जगत् में शोध करता है,सत्य का पता लगाता है दूसरा आत्मिक अव्यक्त जगत् हैं। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, परंतु हम इनके टुकड़े-टुकडे करके स्वयं टुकड़े-टुकडे हुए जा रहे हैं। हमारे बड़े बुजुर्गो ने स्वार्थ और परमार्थ दोनों की सिद्धि का आदर्श हमारे सामने रखकर जीवन में एक संतुलन बनाने का प्रयास किया था। यह संतुलन राष्ट्रीय या भावनात्मक एकता का भी पर्याय है। विभिन्न प्रांतों, भाषाओं,स्वार्थों में संतुलन बैठाना ही हमारा लक्ष्य और कर्तव्य होना चाहिए। इस संतुलन से ही सामाजिक, सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में नैतिकता और सदाचार की प्रतिष्ठा होगी।

(I) भारतीयों ने पिछले दशकों में पश्चिम का अनुकरण करके किस प्रकार की उपलब्धियों को प्राप्त किया है?

(क) वेदों और उपनिषदों

(ख) ज्ञान--विज्ञान

(ग) विज्ञान और शिल्पीय

(घ) कला और संस्कृति

(II) मानव-जीवन का असली सुख किसमें है?

(क) मानसिक सुख-शांति

(ख) दैहिक आकर्षण

(ग) अकर्मण्यता

(घ) अहं संतुष्टि

(III) "लोगों में—----- का आकर्षण बढ़ता जा रहा है।" रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए-

(क) खाओ-पियो-मौज करो

(ख) जिओ और जीने दो

(ग) ओम् शांति

(घ) सर्वजनहिताय

(IV) भोग-लिप्सा के कारण कैसी स्थिति बनती है?

(क) अराजकता

(ख) पराजय

(ग) विजय

(घ) सुगमता

(V) हमारे संवेदनहीन होने का कारण क्या है?

(क) समाजवाद

(ख) सांसारिक मतभेद

(ग) बुद्धिवाद

(घ) प्रगतिवाद

(VI) विज्ञान के सहारे किसका अवमूल्यन हो रहा है?

(क) आत्मा का

(ख) हृदय का

(ग) प्रेरणा का

(घ) मानवीय मूल्यों का

(VII) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(१) बड़ों ने नि:स्वार्थ को आदर्श बनाया।

(२) बड़ों ने परमार्थ और नि:स्वार्थ को आदर्श बनाया।

(३) बड़ों ने लालच को आदर्श बनाया।

उपरिलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से सही है/हैं?

(क) पहला और तीसरा

(ख) केवल तीसरा

(ग) केवल पहला

(घ) केवल दूसरा

(VIII) उदार शिक्षण और संपर्क की सुगमता से क्या परिणाम दिखाई पड़ रहे हैं?

(क) भावनाओं का अनोखा होना

(ख) भावनाओं का उदार और व्यापक होना

(ग) निराश्रित जीवन जीना

(घ) इनमें से कोई नहीं

(IX) "मानसिक" शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय पहचानिए -

(क) मान+ ईक

(ख) मनस + इक

(ग) मानसि + क

(घ) मान + सिक

(X) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन- गद्यांश का उचित शीर्षक विज्ञान और अध्यात्म होगा।

कारण- गद्यांश का उचित शीर्षक बुद्धिवाद है।

(क) कथन सही है और कारण गलत है।

(ख) कथन गलत है और कारण सही है।

(ग) कथन और कारण दोनों ही सही हैं।

(घ) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं।

अपठित गद्यांश (उत्तरमाला)

1.

(I) (क) परिवर्जन

(II) (ख) पाने के लिए भरसक प्रयास किया हो

(III) (ग) संध्यावेला

(IV) (घ) विवशता और अभाव में जीने वाले ।

(V) (घ) असफलता का कारण ढूंढकर पुनः आगे बढ़ने का प्रयास करता है।

(VI) (ख) निडर और निशंक जीने वाला।

(VII) (घ) पहला और दूसरा।

(VIII) (ग) जिंदगी में प्रतिकूलता का अनुभव जीवनोपयोगी होता है।

(IX) (ग) जो पहले दु:ख झेलते हैं।

(X) (क) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

2.

(I) (ग) हिन्दी से

(II) (ख) गैर हिन्दी भाषी

(III) (क) अंग्रेजी

(IV) (ख) रामायण और महाभारत के प्रस्तुतीकरण के दौरान।

(V) (ग) कौन बनेगा करोड़पति।

(VI) (क) सुर और संगीत की प्रतियोगिता में।

(VII) (ख) केवल पहला

(VIII) (क) टाम एण्ड जेरी

(IX) (ख) रचना

(X) (ग) कथन सही है और कारण गलत है

3.

(I) (ग) भारत में युवाओं की संख्या अधिक होने के कारण।

(II) (ख) उसका भविष्य निर्माता होने के कारण।

(III) (ख) देश के विकास में भागीदारी।

(IV) (ख) युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों का अनुभव देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।

(V) (घ) आधुनिकीकरण

(VI) (ग) वृद्धाश्रमों का बनना बनाना।

(VII) (ग) केवल तीसरा

(VIII) (घ) देश में बदलाव लाने के लिए राजनीति का हिस्सा बनना पड़ता है।

(IX) (ख) ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना।

(X) (ख) कथन सही है और कारण गलत है।

4.

(I) (ख) प्रकृति के

(II) (ग) गतिशील

(III) (क) ऋतुओं का

(IV) (ग) कर्मवीर

(V) (घ) चंद्रगुप्त मौर्य

(VI) (क) कर्मपथ

(VII) (ख) केवल दूसरा

(VIII) (ख) मनीषियों

(IX) (ख) कर्म का महत्व

(X) (घ) कथन सही है और कारण गलत है।

5.

(I) (ग) विज्ञान और शिल्पीय

(II) (क) मानसिक सुख-शांति में

(III) (क) खाओ-पियो-मौज करो

(IV) (क) अराजकता

(V) (ग) बुद्धिवाद

(VI) (घ) मानवीय मूल्यों का

(VII) (घ) केवल दूसरा

(VIII) (ख) भावनाओं का उदार और व्यापक होना

(IX) (ख) मनस+इक

(X) (क) कथन सही है और कारण गलत है।

<u>अपठित गद्यांश</u>

प्रश्न संख्या 1 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें ।

समय वह संपत्ति है जो प्रत्येक मनुष्य को ईश्वर की ओर से मिली है जो लोग इस धन को संचित निधि से बरतते हैं वे शारीरिक सुख तथा आत्मिक आनंद प्राप्त करते हैं इसी समय की संपत्ति के सदुपयोग से एक जंगली मनुष्य सभ्य और देवता स्वरूप बन जाता है इसी के द्वारा मूर्ख - विद्वान निर्धन - धनवान अज्ञ - विज्ञ और अनुभवी बन सकता है संतोष हर्ष तथा सुख मनुष्य को प्राप्त नहीं होता जब तक वह उचित रीति से समय का सदुपयोग नहीं करते समय निसंदेह एक रत्न राशि है जो कोई उसे अपरिमित और अगणित रूप से अंधाधुंध व्यय करता है वह दिन प्रतिदिन एक इंजन रिक्त हस्त और दरिद्र होता जाता है वह आजीवन खेल और भाग्य को कोसता रहता है मृत्यु भी उसे इस दुख और जंजाल से छुड़ा नहीं सकती । उसके लिए मृत्यु का आगमन मानो अपराधी के लिए गिरफ्तारी का वारंट है सच तो यह है कि समय की बर्बादी एक तरह से आत्महत्या है अंतर केवल इतना ही है कि आत्मघाती सर्वदा के लिए जीवन जंजाल से छुड़ा देता है और समय के दुरुपयोग से एक विनिर्दिष्ट काल तक जीवन मृत्यु की दशा में बना रहता है ऐसे ही मिनट घंटे और दिन प्रमाद और अकर्मण्यता में बिकते जाते हैं यदि मनुष्य विचार करें गणना करें तो उसकी संख्या महीनों तथा वर्षों में पहुंचती है यदि उससे कहा जाता है कि तेरी आयु के बरस घटा दिए पांच 10 वर्ष गए तो निसंदेह उसके हृदय पर भारी आघात पहुंचता है परंतु वह स्वयं निश्चेष्ट बैठे हुए अपने अमूल्य जीवन को नष्ट कर रहा है और क्षय और विनाश पर खुद भी शक नहीं करता संसार में सबको दीर्घायु प्राप्त नहीं होती है परंतु सबसे बड़ी हानि जो समय की दुरुपयोग करता है । पुरुषार्थ हीन और निरीह पुरुष के विचार अपवित्र और प्रदूषित हो जाते हैं वास्तव में बात तो यह है कि मनुष्य कुछ ना कुछ करने के लिए ही बनाया गया है जब चित्त और मन लाभदायक कर्म में रक्त नहीं होते तब उनका झुकाव बुराई और पाप की ओर अवश्य हो जाता है इस हेतु यदि मनुष्य सचमुच ही मनुष्य बनना चाहता है तो सब कर्मों से बढ़कर श्रेष्ठ कार्य उसके लिए यह है कि उसे एक पल भी व्यर्थ न गंवाएं। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक समय और प्रत्येक समय के लिए पृथक कार्य निश्चित करें।

1 - ईश्वर ने मनुष्य को क्या संपत्ति दी है

क - भौतिक संपत्ति   ख - समय की संपत्ति।   ग - सोने चांदी की संपत्ति   घ - धन दौलत की संपत्ति

2 - आत्मिक आनंद कौन लोग प्राप्त करते हैं

क - जो लोग बहुत परिश्रम करते हैं   ख- जो लोग बहुत धन कमाते हैं

ग - जो लोग समय की संपत्ति को संयमित रूप से खर्च करते हैं   घ - जो लोग ईश्वर का भजन करते हैं ।

3 - मृत्यु किस को इस जंजाल से नहीं छोड़ सकती ?

क - जो लोग बहुत धन व्यय करते हैं   ख - जो लोग परिश्रम नहीं करते हैं

ग- जो लोग समय को व्यर्थ करते हैं   घ - जो लोग धन की चिंता करते हैं ।

4 - लेखक ने आत्महत्या किसे कहा है?

क - समय का महत्व ना समझने वाले को   ख - धन का महत्व समझने वाले को

ग - शरीर का महत्व ना समझने वाले को   घ - विद्या का महत्व ना समझने वाले को

5 - लेखक मनुष्य को क्या करने की सलाह देता है?

क - परिश्रम करने के लिए ख - धन अर्जित करने के लिए

ग - प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक समय और प्रत्येक समय के प्रत्येक कार्य निश्चित करें घ - दिन-रात परिश्रम करने के लिए।

6 - लेखक ने दरिद्र किसे कहा है ?

क - समय की संपत्ति को अंधाधुंध खर्च करने वाले को

ख - माता पिता की संपत्ति को अंधाधुंध खर्च करने वाले को

ग- अपनी संपत्ति को अंधाधुंध खर्च करने वाले को

घ- इनमें से कोई नहीं

7 - इस गद्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है

क - समय की संपत्ति ख - ईश्वर का महत्व। ग- अच्छा मनुष्य घ - गिरफ्तारी का वारंट

8 - सदुपयोग शब्द का विलोम शब्द है ?

क - सही उपयोग ख - अनुप्रयोग ग - दुरुपयोग घ - इनमें से कोई नहीं

9 - अकर्मण्यता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय है ?

क- अ तथा ता ख- अ तथा याता ग- अक तथा आ घ - इनमें से कोई नहीं

10 - अमूल्य शब्द का अर्थ है ?

क - जिसका कोई मूल्य ना हो ख- जिसका मूल्य आंका ना जा सके ग - जिसका थोड़ा मूल्य हो घ - इनमें से कोई नहीं

उत्तर:- 1 ख 2 ग 3 ग 4 क 5 ग 6 क 7क 8 ग 9. क. 10 ख

प्रश्न 2 - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें ?

हमारे यहां सारे देश में भारतीयता की भावना एक राष्ट्रव्यापी स्तर पर सदैव विद्यमान रही है यह भावना किसी धर्म , राजनीति या भूगोल से संबद्ध ना होकर मूलतः संस्कृति से संबंध थी यदि भारतीयता के मूल स्रोत की बात की जाए तो हम कहेंगे कि यहां सदा आदर्श के प्रति निष्ठा रही है यहां समय-समय पर कुछ महापुरुष हुए हैं जिन्होंने देश के सामने कुछ आदर्श रखे उन्होंने उन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाया और वह सब के आदर्श बन गए । एक साझे आदर्श की इस भावना ने सारे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोए रखा है । अब हम चाहे इसे भारतीयता कहें या राष्ट्रीयता कहें भारतीय आदर्शों ने सदा से यही शिक्षा दी है कि शक्ति का उपयोग दूसरों पर अत्याचार करने में नहीं बल्कि पीड़ितों की रक्षा करने में करना चाहिए । हमारी निष्ठा मानव मूल्यों के प्रति रही है गौतम के दर्शन ने भोग पर त्याग की विजय पर बल दिया नानक, तुलसी ,कबीर ने इन्हीं आदर्शों का सम्मान किया। रामकृष्ण, विवेकानंद एवं गांधी भी इन्हीं आदर्शों के प्रचारक थे। यह कहना भ्रामक होगा कि हमारी संस्कृति हमें कमजोर बनना सिखाती है वह तो कहती है कि शक्तिशाली बनो पर शक्ति का दुरुपयोग ना करो इसका उपयोग न्याय की रक्षा के लिए करो । देश विदेश में गांधीजी को जितना नाम मिला उसका कारण यही था कि उन्हें भारतीय मूल्यों और आदर्शों का प्रतीक माना जाता था उन्होंने देश में इन्हीं मानव मूल्यों को जगाया और आत्मविश्वास की भावना का संचार किया आदर्श के प्रति निष्ठा या प्रतिबद्धता ही किसी देश को एक सूत्र में पिरोती है आज की समस्याओं का समाधान हमारे आदर्श मानवीय मूल्यों में ही निहित है देश में इस समय जो विघटनकारी प्रवृत्तियां उभरती दिखाई दे रही हैं उनका कारण भारतीय आदर्शों एवं मूल्यों की जानकारी का अभाव ही नहीं है बल्कि अब हम में उदारता नहीं रही है। हमारा दृष्टिकोण संकुचित हो गया है इस संकुचित मनोवृत्ति के कारण हम कमजोर होने लगे हैं हम भूल गए हैं कि समाज की आधारशिला जितनी व्यापक होगी उसके ऊपर बनने वाली इमारत भी उतनी ही ऊंची होगी।

1 - भारतीयता के मूल स्रोत में कौन सी भावना है ?

क - शक्ति प्रदर्शन ख - अधिकार करना

ग - आदर्श के प्रति निष्ठा घ - सभी सही है

2 - गौतम नानक कबीर तुलसी विवेकानंद इत्यादि का आदर्श क्या था ?

क -भोग पर त्याग की विजय। ख - धार्मिक प्रचार ग - धन का संग्रह करना घ - शत्रु का विनाश करना

3 - आपके अनुसार राष्ट्रीयता क्या है ?

क -राष्ट्र पर शासन करना। ख - राष्ट्र की संपत्ति पर अधिकार करना

ग - राष्ट्र के प्रति सम्मान और निष्ठा। घ - इनमें से कोई नहीं

4 - किसी देश को एक सूत्र में बांधने के लिए इनमें से क्या आवश्यक नहीं है ?

क - साझे आदर्श की भावना ख - मानवीय मूल्यों की रक्षा। ग- आदर्श के प्रति निष्ठा। घ - अपने धर्म का प्रचार

5 - इनमें से क्या भारतीय आदर्श नहीं हो सकता ?

क - पीड़ितों की रक्षा करना ख - मानव मूल्यों के प्रति निष्ठा .

ग - शक्ति से सब को अपने वश में करना घ - न्याय की रक्षा करना

6 - निम्नलिखित कथन तथा कारण संबंधी वाक्यों में से सही विकल्प चुनिए -

(कथन) - देश-विदेश में गांधीजी को काफी नाम मिला। (कारण) - उनका विश्वास भारतीय मूल्यों और आदर्शों पर नहीं था।

क - कथन सही है और कारण गलत।

ख - कथन गलत है और कारण सही।

ग - कथन एवं कारण दोनों सही हैं।

घ - कथन एवं कारण दोनों गलत हैं।

7 - (कथन) - अब हमारे अंदर उदारता नहीं रही है।

(कारण) - हमारा दृष्टिकोण संकुचित हो गया है।

क - कथन सही है और कारण गलत।

ख- कथन गलत है और कारण सही ।

ग - कथन एवं कारण दोनों सही हैं।

घ - कथन एवं कारण दोनों गलत है।

8 - संकुचित शब्द का विपरीत शब्द होगा ?

क - अंकुचित ख- व्यापक। ग- प्रसारित 4 - कुंचित

9 - इस अवतरण में निहित शिक्षा क्या है ?

क - राष्ट्रीयता का पालन ख - आत्मविश्वासी बनना ग - शक्ति का सदुपयोग करना घ - सभी सही हैं।

10 - इस गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है ?

क - हमारी कमजोरी ख - भारतीय संस्कृति और आदर्श ग - हमारा दृष्टिकोण। घ - भारत के महापुरुष

उत्तर:- 1 ग 2.क 3. ग 4.घ 5 ग 6 क. 7. ग 8 ख 9 घ 10. ख

प्रश्न 3 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें ।

जिस प्रकार हमारे शरीर के लिए भोजन आवश्यक है उसी प्रकार हमारे मस्तिष्क को भी भोजन की आवश्यकता है मस्तिष्क का सर्वोत्तम भोजन पुस्तकें हैं इनका अपना ही आनंद है जो किसी अन्य वस्तु में नहीं मिल सकता । अध्ययन करते समय हम जीवन की चिंताओं और दुखों को भूल जाते हैं अध्ययन कई प्रकार का होता है पहला प्रकार हल्का-फुल्का अध्ययन अर्थात समाचार पत्रों पत्र-पत्रिकाओं आदि की पढ़ाई करना होता है जिनसे वर्तमान की घटनाओं के विषय में विस्तृत ज्ञान प्राप्त होता है इनके द्वारा हमें विश्व के प्रत्येक भाग की घटनाओं घटनाओं और क्रियाकलापों के विषय में सब कुछ पता चलता रहता है । आज के युग में हम इस प्रकार के हल्के-फुल्के अध्ययन से अलग नहीं रह सकते बिना समाचार पत्रों के हम कुएं के मेंढक के समान हो जाएंगे इसलिए ऐसे अध्ययन जो आनंदमय हैं और शिक्षाप्रद भी । इनको अनदेखा नहीं किया जा सकता इसके बाद यात्रा और साहसिक कार्यों से संबंधित पुस्तकें आती हैं सामान्यतया व्यक्ति दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकताओं से दूर भागना चाहता है किंतु साहसिक कार्य करने की भावना मानव के रक्त में होती है यात्रा और साहसिक कार्यों का वर्णन करने वाली पुस्तकें हमारे मन में भी साहस और निर्भीकता की भावना पैदा करते हैं । खाली समय को आनंद से बिताने का सबसे अच्छा साधन है उपन्यास । शाम के समय अथवा गाड़ी में यात्रा करते समय उपन्यास पढ़ने से बेहतर कोई मनोरंजन नहीं है कुछ समय के लिए पाठक अपने व्यक्तित्व और सत्ता को ही भूल जाता है वह उपन्यास के किसी चरित्र के साथ एकाकार हो जाता है इससे उसे अपार सुख मिलता है। इनके अतिरिक्त गंभीर अध्ययन की पुस्तकें होती हैं जिनमें साहित्य ,इतिहास, दर्शन आदि की पुस्तकें आती हैं जो सभी काल में पढ़ी जाने वाली योग्य कृतियां होते हैं । ऐसी पुस्तकें गंभीर और विचारशील व्यक्तियों के लिए होती हैं साहित्य का विद्यार्थी सभी युगों के सर्वोत्कृष्ट विद्वानों के संपर्क में आता है और अपने चिंतन के लिए उपयोगी आहार प्राप्त करता है वे उसे जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की पूरी जानकारी देते हैं। इस प्रकार वह अपने जीवन को श्रेष्ठ और महान बना सकता है उसका दृष्टिकोण व्यापक हो जाता है और मानव के प्रति उसकी सहानुभूति बढ़ जाती है। बेकन ने कहा था कि कुछ पुस्तकों का केवल स्वाद रखना चाहिए कुछ को निगल जाना चाहिए और कुछ को अच्छी प्रकार से चबाकर पचा लेना चाहिए किसी पुस्तक को पाठ्य पुस्तक के रूप में पढ़ने से अनिवार्यता की भावना आ जाती है यह अनिवार्यता उपयोगी सिद्ध हो सकती है परंतु उससे रुचि का हनन हो जाता है । पुस्तकों का वास्तविक प्रेमी तो हर समय इनकी संगति में आनंद का अनुभव करता है पढ़ने की आदत मनुष्य के सभ्य होने का चिन्ह है यह मनोरंजन का अच्छा साधन है और खाली समय को व्यक्तितत्व करने का सबसे अच्छा उपाय है पुस्तकों का खजाना किसी भी राजा के खजाने से बड़ा होता है पुस्तकें कला साहित्य विज्ञान और ज्ञान रूपी सोने की खाने हैं।

1 - साहित्य इतिहास दर्शन आदि से संबंधित पुस्तकें किस श्रेणी में आती हैं ?

क - सामान्य।   ख - गंभीर   ग - साहसिक   घ - मनोरंजक

2 - व्यक्ति के मन में साहस और निर्भीकता की भावना कब पैदा होती है ?

क- यात्राएं करके   ख - तर्क वितर्क करके   ग- साहसिक पुस्तकें पढ़कर   घ - गंभीर चिंतन करके

3 - लेखक के अनुसार खाली समय को आनंद के साथ बिताने का सबसे अच्छा साधन क्या है ?

क - विद्वानों के विचार सुनना।   ख - यात्राएं करना   ग - उपन्यास पढ़ना   घ - समाचार पत्र पढ़ना

4 - गंभीर अध्ययन की पुस्तकें किस का मनोरंजन करती हैं ?

क - सामान्य जन का   ख -   विचारशील व्यक्तियों का   ग- साहित्य के विद्यार्थियों का   घ - उच्च वर्ग के व्यक्तियों का

5 - निम्नलिखित कथन तथा कारण संबंधी प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए

(कथन) पुस्तकों का खजाना किसी राजा के खजाने से बड़ा होता है

(कारण) कला साहित्य और विज्ञान मैं छिपा ज्ञान सोने चांदी से अधिक कीमती नहीं है।

क - कथन सही है और कारण गलत।

ख - कथन गलत है और कारण सही है ।

ग - कथन और कारण दोनों गलत है।

घ - कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या करता है।

6 -(कथन) बिना समाचार पत्रों के हम कुएं के मेंढक के समान हो जाएंगे

(कारण) दैनिक घटनाओं की जानकारी हमारे मानसिक विकास के लिए आवश्यक है।

क- कथन सही है एवं कारण गलत ।

ख - कथन तरफ है एवं कारण सही है।

ग - कथन एवं कारण दोनों सही हैं ।

घ - कथन एवं कारण दोनों गलत है।

7 - पुस्तकों का प्रेमी किसकी संगति में हर समय आनंद का अनुभव करता है ?

क - विद्वानों की ख - बुद्धिजीवियों की ग - अध्यापकों की घ - पुस्तकों की

8 - आध्यात्मिक शब्द में उपसर्ग क्या है ?

क - आध्या ख - आ ग - अधि घ - आत्मा

9 - अध्ययन करते समय हम क्या भूल जाते हैं ?

क - चिंताओं और दुखों को ख - ईश्वर को। ग- पुस्तक की विषय वस्तु को घ - सांस लेना

10 - बेकन ने इनमें से कौन सी बात नहीं कही थी ?

क - कुछ पुस्तकों का केवल स्वाद लेना चाहिए। ख - कुछ पुस्तकों को निगल जाना चाहिए

ग - कुछ पुस्तकों को चबाकर पचा लेना चाहिए घ- कुछ पुस्तकों को फैंक देना चाहिए।

उत्तर:- 1.ख. 2. ग. 3. ग. 4. ख 5.क 6 ग 7. घ 8. ग 9 .क 10 . घ

प्रश्न 4 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चयन करें । (1*5)

लोग चाहते हैं कि सरकार उनकी भलाई के लिए कार्य करती रहे और वे स्वयं कुछ न करें। गाँधी जी के सिद्धांतों पर चलने की अपेक्षा भी अधिकतर लोग दूसरों से ही कहते हैं जबकि स्वयं उन पर चलना नहीं चाहते। गाँधी जी किसी गरीब को भोजन देने के बजाए उसके लिए काम उपलब्ध कराने की बात करते थे। वे खैरात बाँटने का खुला विरोध करते थे। उनका कहना था-भगवान हमारा नौकर नहीं है, जो हमारे काम कर जाए। काम तो हमें ही करना पडेगा। हमारी कमजोरी और आलसीपन ने हमें अकर्मण्य बना दिया है हम हमेशा दूसरों से उम्मीद रखते हैं कि हमारा काम करें और हम आराम की जिंदगी जिएं लेकिन यह सोच हमें नाकारा बना देती है।सच है कि हम गाँधी जी के बताये रास्ते से हट गए हैं। हम चाहते हैं कि हमारा काम सरकार करे या कोई और करे। अपने अधिकार हमें याद हैं, परंतु समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को हम भूल गए हैं। हम अकर्मण्यता के दलदल में धंसते जा रहे हैं। कर्म संस्कृति की सोच हमने क्षीण कर दी है। भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाए हम अपनी सुविधा देखते हैं। सडक पर यातायात का पहले हम उल्लघंन करते हैं और पकडे जाने पर जुर्माना देने के बजाए कम रकम में पुलिस से समझौते की

फिराक में रहते हैं और इसके बाद पुलिस को भ्रष्ट बताते हैं। गम्भीरता से सोचें, तो जहाँ भी हमें घूस देनी पड़ रही है, वहाँ कुछ न कुछ हमारे आचार-व्यवहार में कमी अवश्य होती है। जहाँ कमी नहीं होती, वहाँ घूस इसलिए देनी पड़ती है, क्योंकि भेड़िए के मुँह में खून लग चुका होता है। स्वयं द्वारा किए गए गलत कार्य अपराध को बढ़ाते हैं हम अक्सर इस बात की दुहाई देते हैं कि बड़े-बड़े नेता मंत्री और अधिकारी जब रिश्वत लेते हैं तो हम कैसे बच सकते हैं और हम भी छोटी मोटी रिश्वत लेना शुरू कर देते हैं परंतु अपराध चाहे छोटा हो या बड़ा वह अपराध है। गांधीजी के तीन बंदरों का संदेश किसी का बुरा मत देखो बुरा मत सुनो बुरा मत कहो को याद करें तो हम कभी बुराई की ओर उन्मुख हो ही नहीं सकते। गाँधी की राह पर अंश भर चलकर तो देखें, चारों ओर खुशहाली ही होगी।

1.लोग क्या चाहते हैं ?

क - सरकार कुछ न करे।

ख - वे खुद सब कुछ करे।

ग - सरकार उनका भला करती रहे, वे कुछ न करें।

घ - लोग कुछ भी नहीं चाहते।

2. गाँधी जी के सिद्धान्तों की स्थिति क्या है?

क - लोग गाँधी जी के सिद्धान्तों पर चलते हैं।

ख - लोग चाहते हैं कि दूसरे गाँधी के सिद्धान्तों पर चलें।

ग - लोग गरीबों को काम दिलाते हैं।

घ - लोग गाँधी जी की तरह गरीबों को भोजन देते हैं।

3. गाँधी जी किस बात का विरोध करते थे?

क)खैरात बाँटने का

ख) सहयोग करने का

ग) आन्दोलन करने का

घ)प्रार्थना करने का

4 . .हम अपनी सुविधा देखते हैं। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।)

क) दूसरों की सुविधा देखकर फिर…

ख) भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाय

ग) यातायात के नियमों का पालन करके

घ) पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर

5. ‘उल्लघंन’ शब्द का सही सन्धि-विच्छेद छाँटकर लिखिए।

क) उल्लं + घन

ख) उल् + लंघन

ग) उ + लंघन

घ) उत् + लंघन

6 - लोग अक्सर किस बात की दुहाई देते हैं
क - बड़े-बड़े लोगों द्वारा रिश्वत लेने की
ख - गरीब घर में पैदा होने की
ग - अपने देश के पिछड़ेपन की
घ - यातायात व्यवस्था खराब होने की

7 - महात्मा गांधी के तीन बंदरों की क्या सीख थी ?
क - बुरा न देखो बुरा सुनो बुरा न कहो
ख - बुरा मत चलो बुरा मत सोचो बुरा मत देखो
ग- बुरा मत खाओ बुरा मत करो बुरा मत देखो
घ - बुरा मत देखो बुरा मत सुनो बुरा मत कहो

_8 - निम्नलिखित कथा तथा कारण संबंधी प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें -
(कथन) हम अकर्मण्यता के दलदल में धंसते चले जा रहे हैं।
(कारण) कर्म संस्कृति ने हमारी सोच का विस्तार किया है।
क - कथन सही है परंतु कारण गलत है ।
ख - कथन गलत है परंतु कारण सही है ।
ग - कथन और कारण दोनों सही हैं ।
घ- कथन और कारण दोनों गलत है ।

9 - "मुंह में खून लगना" मुहावरे का क्या अर्थ है ?
क - भूख शांत होना
ख - जंगली जैसा व्यवहार करना
ग - बुरी आदत लग जाना
घ - चोरी करते पकड़े जाना

10 - इस गद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है ?
क - महात्मा गांधी का जीवन
ख - हमारा व्यवहार और भ्रष्टाचार
ग - रिश्वत की आवश्यकता
घ - सरकारी तंत्र

उत्तर :- 1. ग 2.ख 3. क 4 . ख 5 .घ 6. क . 7.ख 8. क 9. ग 10 . ख

प्रश्न 5 - निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें। -

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है मानव समाज में विविध बंधुओं और विभिन्न मतों को मानने वाले एक साथ रह रहे हैं ऐसे में यह अधिक आवश्यक हो गया है विभिन्न मतों के लोग साथ-साथ एक दूसरे को जाने कि लोग एक उनकी आवश्यकताओं को उनकी इच्छाओं आकांक्षाओं को समझें उन्हें वरीयता दें और उनके धार्मिक विश्वासों पद्धतियों अनुष्ठानों को सम्मान दें भारत जैसे देश में यह और भी अधिक आवश्यक है क्योंकि यह देश किसी एक धर्म मत या विचारधारा का नहीं है स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार विचार में वे अपने समय से बहुत आगे थे उन्होंने धर्म को सेवा के केंद्र में रखकर आध्यात्मिक चिंतन किया था उन्होंने यह विद्रोही बयान दिया था कि इस देश के 33 करोड़ भूखे दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी देवताओं की तरह मंदिर में स्थापित कर देना चाहिए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए उनका संकल्प था कि संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए वह विभिन्न संप्रदायों की अनेक रूप ताको उचित और विभिन्न धर्मों को स्वाभाविक मानते थे स्वामी जी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने में पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयाई मनाने के विरुद्ध थे वे कहा करते थे कि यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगे एक ही पुजारी नैतिकता का अनुपालन करने लगे एक ही पद्धति को अपना लें , तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी क्योंकि यह सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से काट देगा।

1 - टापू की तरह जीने से लेखक का क्या अभिप्राय है?

क - घमंड में रहना ख - समाज से अलग रहना ग - समाज से जुड़कर रहना घ - विनम्र बनकर रहना

2 - भारत जैसे देश में क्या आवश्यक हो गया है ?

क - धार्मिक स्वतंत्रता ख - एक दूसरे के विपरीत रहना.

ग - एक दूसरे से मिलकर रहना घ - अपने अपने घर में रहना

3 - विभिन्न पंथ्यों और मत मतांतरों के लोग मिलकर नहीं रहेंगे तो उसका क्या परिणाम होगा ?

क - समाज में शांति स्थापित होगी ख - धार्मिक संस्थानों में विवाद नहीं होगा

ग - सभी का जीवन और अधिक कठिन हो जाएगा घ - सभी का जीवन सुख में हो जाएगा

4 - स्वामी विवेकानंद किस बात को समझते थे ?

क - भारत देश किसी एक धर्म मत या विचारधारा का नहीं है

ख- भारत में विभिन्न धर्मों संप्रदायों के बीच संवाद नहीं होना चाहिए

ग - भारत में सभी धर्मों को स्थान देना उचित नहीं है

घ - भारत में धार्मिक अनुष्ठानों को महत्व नहीं देना चाहिए

5 - विवेकानंद जी ने किसको मनुष्य की सेवा के केंद्र में रखकर आध्यात्मिक चिंतन किया ?

क - समाज को. ख - रीति रिवाज को ग - अनुष्ठानों को घ- धर्म को

6 - विभिन्न धर्म संप्रदायों के बीच संवाद होने से क्या होगा?

क - विवादों का अंत करने के लिए रास्ता मिलेगा

ख - विभिन्न संप्रदायों की अनेक रुकता से सभी धार्मिक आस्थाओं के लोगों के विचारों का पता चलेगा

ग- विभिन्न धार्मिक संस्थाओं और उनके मतों के भेद का पता चलेगा

घ - सभी विवादों की जड़ का पता चलेगा

7 - स्वामी विवेकानंद ने सभी लोगों द्वारा एक ही धर्म मत पूजा पद्धति को अपनाने या मानने को कैसी स्थिति माना है ?

क - सौभाग्य पूर्ण ख - सकारात्मक ग - दुर्भाग्यपूर्ण घ - नकारात्मक

8 - विवेकानंद जी ने मंदिरों में किन्हे स्थापित करने का मत दिया ?

क - देवियों को ख- देवताओं को ग - दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को घ - सामान्य मनुष्य को

9 - गद्यांश में किसकी आवश्यकता और इच्छाओं के सम्मान की बात कही गई है ?

क - विवेकानंद जी की ख - विभिन्न मतों को मानने वाले लोगों की.

ग - उच्च वर्ग के लोगों की घ- निम्न वर्ग के लोगों की

10 - प्रस्तुत गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?

क - अनेकता में एकता. ख - धर्म आधारित समाज ग- संप्रदाय मतभेद घ - समाज व्यवस्था

उत्तर:- 1 ख 2 ग 3 ग 4 क 5 घ 6 ख 7 ग 8 ग 9 ख 10 क

अपठित पद्यांश

1. नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।
उलझने अपनी बनाकर आप ही फँसता,
और फिर बेचैन हो जगता, न सोता है।
जानता है तू कि मै कितना पुराना हूँ ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते मरते,
और लाखों बार तुझसे पागलों को भी
चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर बहा करते।
आदमी का स्वप्न ? है वह बुलबुला जल का;
आज उठता और फिर कल फूट जाता है;
किन्तु फिर भी धन्य; ठहरा आदमी ही तो ?
बुलबुलों से खेलता कविता बनाता है।
मैं न बोला, किन्तु मेरी रागिनी बोली,
देख फिर से, चाँद! मुझको जानता है तू ?
स्वप्न मेरे बुलबुले हैं ? है यही पानी ?
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू ?
मैं न वह जा स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उनको गला लोहा बनाती हूँ,
और उस पर नींव रखती हूँ नए घर की,
इस तरह दीवार फौलादी उठाती हूँ।
मनु नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है,
वाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।
स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे,
रोज ही आकाश चढ़ते आ रहे हैं वे,
रोकिए जैसे बने इन स्वप्न वालों को,
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं वे।

क. प्रस्तुत कविता में चाँद किसका प्रतीक है?

(अ) आदमी

(ब) उच्चवर्गीय व्यक्ति

(स) स्वर्ग के देवता

(द) कवि

ख. 'किन्तु मेरी रागिनी बोली' में रागिनी से क्या अभिप्राय है?

(अ) आदमी की आत्मा

(ब) चाँद की कल्पना

(स) आदमी का स्वप्न

(द) कवि की कविता

ग. 'स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती हैं' से कवि क्या कहना चाहता है?

(अ) स्वप्न तलवार की तरह घातक होता है।

(ब) स्वप्न देखने वाले को तलवार की भांति खतरनाक होना पड़ता है।

(स) हमारे सपनों में भी उत्साह रूपी मनोबल होता है।

(द) जिसके हाथ में तलवार होती है, स्वप्न उसी के सत्य होते हैं।

घ. कविता में 'स्वर्ग के सम्राट' किसका प्रतिनिधित्व करते हैं?

(अ) सर्वसंपन्न व सर्वसुविधा युक्त व्यक्ति

(ब) समाज का सामान्य आदमी जो प्रगति पथ पर अग्रसर है

(स) देवताओं का राजा इंद्र

(द) वह आदमी जो अपना कर्तव्य नहीं निभाता है

ङ. चाँद ने आदमी के स्वप्न को जल का बुलबुला क्यों कहा है?

(अ) उसके अनुसार सपने पानी के बुलबुलों की तरह कमजोर होते हैं।

(ब) उसके अनुसार सभी लोगों के सपने बुलबुलों की तरह क्षणभंगुर होते हैं

(स) वह व्यक्ति के सपनों को बुलबुलों की तरह हलका व नीरस मानता है

(द) उसके अनुसार आम लोगों के सपने बुलबुलों की तरह क्षणभंगुर होते हैं

2. नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

स्वप्न झरे फूल से, मीत चुभे शूल से
लुट गए सिंगार सभी बाग़ के बबूल से;
और हम खड़े-खड़े बहार देखते रहे।
कारवाँ गुजर गया, गुबार देखते रहे!
नींद भी खुली न थी कि हाय धूप ढल गई,
पाँव जब तलक उठे कि जिंदगी फिसल गई,
पात-पात झर गए कि शाख-शाख जल गई,
चाह तो निकल सकी न, पर उमर निकल गई,
गीत अश्क बन गए, छंद हो दफन गए,
साथ के सभी दिए धुआँ-धुआँ पहन गए,
और हम झुके-झुके, मोड़ पर रुके-रुके,
उम्र के चढ़ाव का उतार देखते रहे।
कारवाँ गुज़र गया, गुबार देखते रहे!

(क) ‘गुबार देखते रहे’ से कवि का क्या तात्पर्य है?

(अ) राह में मेला देखते रहे।

(ब) रास्ते की धूल को देखते रहे।

(स) बीती खुशियों को ही याद करते रहे।

(द) बाग के फूलों को देखते रहे।

(ख) ’गीत अश्क बन गए’ का अर्थ हैः

(अ) प्रसन्नता दुखों में बदल गई

(ब) गीत अपूर्ण रह गए

(स) गीतों का रूप बदल गया

(द) सुखद गीत दुखद गीत बन गए

(ग) ’स्वप्न झरे फूल से, मीत चुभे शूल से’ पंक्ति में अलंकार हैः

(अ) यमक अलंकार

(ब) रूपक अलंकार

(स) उपमा अलंकार

(द) श्लेष अलंकार

(घ) प्रस्तुत कविता में मुख्य रूप से कौन सा रस है?

(अ) संयोग शृंगार रस

(ब) करुण रस

(स) अद्भुत रस

(द) वियोग शृंगार रस

(ङ) ’चाह तो निकल सकी न, पर उमर निकल गई’ पंक्ति का आशय हैः

(अ) जीवन बीत गया, इच्छाएँ अधूरी ही रह गईं।

(ब) इच्छाओं को पूरा करने में ज़िंदगी बिता दी।

(स) इच्छाओं से ज़िंदगी हार गई।

(द) ज़िंदगी चली गई पर इच्छाएँ नहीं गईं।

3. नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

अमल धवल गिरि के शिखरों पर,
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को,
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।
तुंग हिमालय के कंधों पर
छोटी-बड़ी कई झीलें हैं,
उनके श्यामल नील सलिल में
समतल देशों से आ-आकर
पावस की ऊमस से आकुल
तिक्त-मधुर विसतंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

दुर्गम बरफानी घाटी में
शत-सहस्त्र फुट ऊँचाई पर
अलख नाभि से उठने वाले
निज के ही उन्मादक परिमल
के पीछे धावित हो-होकर
तरल तरुण कस्तूरी मृग को
अपने पर चिढ़ते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

क. "तुंग हिमालय के कंधों पर, छोटी-बड़ी कई झीलें है।"
पंक्तियों में निहित अलंकार है?
(अ) उपमा
(ब) अनुप्रास
(स) मानवीकरण
(द) रूपक

ख. कस्तूरी मृग अपने पर क्यों चिढ़ता है?
(अ) उसे अपनी नाभि से खूशबू आती है और वह खुशबू को ढूँढता है
(ब) उसे अपनी प्रेयसी को ढूँढता है परंतु वह नहीं मिलती है
(स) क्योंकि वह बादल को घिरते देखता है
(द) बादल के बरसने पर उसे कष्ट होने के कारण

ग. प्रस्तुत कविता में सुगंध का पर्यायवाची कौन सा है?
(अ) तुहिन
(ब) तिक्त
(स) उन्मादक
(द) परिमल

घ. 'बादल को घिरते देखा है' से क्या अभिप्राय है?
(अ) बादल का आकाश में उड़ना
(ब) बादल का फटना
(स) बादल का उमड़ना
(द) बादल का लुप्त हो जाना

ङ. प्रस्तुत कविता के सौन्दर्य को कवि ने किस ऋतु का उद्‌गम बताया है?
(अ) पावस ऋतु का
(ब) शरद ऋतु का
(स) शिशिर ऋतु का
(द) वसंत ऋतु का

4.नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

किसने कहा, पाप है समुचित
सत्व-प्राप्ति-हित लड़ना ?
उठा न्याय का खड्‌ग समर में
अभय मारना-मरना ?
क्षमा, दया, तप, तेज, मनोबल
की दे वृथा दुहाई,
धर्मराज, व्यंजित करते तुम

मानव की कदराई ।
हिंसा का आघात तपस्या ने
कब, कहाँ सहा है ?
देवों का दल सदा दानवों
से हारता रहा है ।
मनःशक्ति प्यारी थी तुमको
यदि पौरुष ज्वलन से,
लोभ किया क्यों भरत-राज्य का ?
फिर आये क्यों वन से ?
पिया भीम ने विष, लाक्षागृह
जला, हुए वनवासी,
केशकर्षिता प्रिया सभा-सम्मुख
कहलायी दासी
क्षमा, दया, तप, त्याग, मनोबल,
सबका लिया सहारा;
पर नर-व्याघ्र सुयोधन तुमसे
कहो, कहाँ कब हारा ?
क्षमाशील हो रिपु-समक्ष
तुम हुए विनत जितना ही,
दुष्ट कौरवों ने तुमको
कायर समझा उतना ही ।
अत्याचार सहन करने का
कुफल यही होता है,
पौरुष का आतंक मनुज
कोमल होकर खोता है ।

क. प्रस्तुत कविता में किसे उपदेश दिया जा रहा है?
 (अ) दुर्योधन को
 (ब) भीम को
 (स) युधिष्ठिर को
 (द) अर्जुन को

ख. अत्याचार सहन करने का क्या दुष्परिणाम होता है?
 (अ) वह हार जाता है
 (ब) वन जाना पड़ता है
 (स) त्याग क्षमा दया तप आदि का सहारा लेना पड़ता है
 (द) उसे वीर के स्थान पर कोमल समझा जाता है

ग. प्रस्तुत कविता में कौन सा रस है?
 (अ) शृंगार रस
 (ब) वीर रस
 (स) भयानक रस
 (द) अद्भुत रस

घ. प्रस्तुत कविता में क्या उपदेश दिया गया है?

(अ) अन्याय के विरुद्ध युद्ध करने का

(ब) क्षमा, दया, त्याग, तप आदि का सहारा लेकर जीवन बिताने का

(स) अत्याचार सहन करने का

(द) समर में मारने-मरने का

ङ. प्रस्तुत कविता में शत्रु के लिए कौन सा पर्यायवाची शब्द प्रयोग हुआ है?

(अ) विनत

(ब) रिपु

(स) खड़ग

(द) समर

5.नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

यहाँ कोकिला नहीं, काग हैं, शोर मचाते,
काले काले कीट, भ्रमर का भ्रम उपजाते।
कलियाँ भी अधखिली, मिली हैं कंटक-कुल से,
वे पौधे, व पुष्प शुष्क हैं अथवा झुलसे।
परिमल-हीन पराग दाग सा बना पड़ा है,
हा! यह प्यारा बाग खून से सना पड़ा है।
ओ, प्रिय ऋतुराज किन्तु धीरे से आना,
यह है शोक-स्थान यहाँ मत शोर मचाना।
वायु चले, पर मंद चाल से उसे चलाना,
दुःख की आहें संग उड़ा कर मत ले जाना।
कोकिल गावें, किन्तु राग रोने का गावें,
भ्रमर करें गुंजार कष्ट की कथा सुनावें।
लाना संग में पुष्प, न हों वे अधिक सजीले,
तो सुगंध भी मंद, ओस से कुछ कुछ गीले।
किन्तु न तुम उपहार भाव आ कर दिखलाना,
स्मृति में पूजा हेतु यहाँ थोड़े बिखराना।
कोमल बालक मरे यहाँ पर गोली खा कर,
कलियाँ उनके लिये गिराना थोड़ी ला कर।
आशाओं से भरे हृदय भी छिन्न हुए हैं,
अपने प्रिय परिवार देश से भिन्न हुए हैं।
कुछ कलियाँ अधखिली यहाँ इसलिए चढ़ाना,
कर के उनकी याद अश्रु के ओस बहाना।
तड़प तड़प कर वृद्ध मरे हैं गोली खा कर,
शुष्क पुष्प कुछ वहाँ गिरा देना तुम जा कर।
यह सब करना, किन्तु यहाँ मत शोर मचाना,
यह है शोक-स्थान बहुत धीरे से आना।

क. प्रस्तुत कविता को किस श्रेणी में रख सकते हैं?

(अ) देशभक्ति गीत

(ब) शोकगीत

(स) ऋतुराज गीत

(द) भ्रमरगीत

ख. कवि के अनुसार कविता में वर्णित स्थल की क्या विशेषता है?

(अ) यहाँ कलियाँ पूर्णतः खिलतीं हैं।

(ब) यहाँ पराग सुशोभित होता है।

(स) यहाँ कोयल गाती है।

(द) पौधे और पुष्प सूख गए हैं।

ग. कवि ऋतुराज बसंत से कौन सा आग्रह नहीं करता है?

(अ) यहाँ पर सुगंधित वायु चले।

(ब) यहाँ पर कोयल रूदन गीत गाए।

(स) यहाँ पर भ्रमर पीड़ा की कहानियाँ सुनाए।

(द) यहाँ खिलने वाले पुष्प सजीले न हों।

घ. कविता में आए शब्द उपहार के संदर्भ में कौन सा शब्द संगत नहीं है?

(अ) सौगात

(ब) भेंट

(स) तोहफा

(द) दान

ङ. कवि बृद्ध मृतक-जनों को श्रद्धांजलि देने के लिए बसंत से क्या कहता है?

(अ) वहाँ कुछ अश्रु गिरा देना।

(ब) वहाँ कुछ सूखे फूल गिरा देना।

(स) वहाँ कलियाँ गिरा देना।

(द) वहाँ ओस की कुछ बूँदें गिरा देना।

6. नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो
हैं फूल रोकते, काटें मुझे चलाते
मरुस्थल, पहाड़ चलने की चाह बढ़ाते
सच कहता हूँ जब मुश्किलें ना होती हैं
मेरे पग तब चलने में भी शर्माते
मेरे संग चलने लगें हवायें जिससे
तुम पथ के कण-कण को तूफ़ान करो
मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो
अंगार अधर पे धर मैं मुस्काया हूँ
मैं मरघट से ज़िन्दगी बुला के लाया हूँ
हूँ आँख-मिचौनी खेल चला किस्मत से
सौ बार मृत्यु के गले चूम आया हूँ
है नहीं स्वीकार दया अपनी भी..
तुम मत मुझ पर न कोई एहसान करो
मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो
श्रम के जल से राह सदा सिंचती है
गति की मशाल आंधी में ही हँसती है
शोलों से ही शृंगार पथिक का होता है

मंज़िल की मांग लहू से ही सजती है
पग में गति आती है, छाले छिलने से
तुम पग-पग पर जलती चट्टान धरो
मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो
फूलों से जग आसान नहीं होता है
रुकने से पग गतिवान नहीं होता है
अवरोध नहीं तो संभव नहीं प्रगति भी
है नाश जहाँ निर्माण वहीं होता है
मैं बसा सकूँ नव-स्वर्ग "धरा" पर जिससे
तुम मेरी हर बस्ती वीरान करो
मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो
मैं पंथी तूफ़ानों में राह बनाता
मेरा दुनिया से केवल इतना नाता
वह मुझे रोकती है अवरोध बिछाकर
मैं ठोकर उसे लगा कर बढ़ता जाता
मैं ठुकरा सकूँ तुम्हें भी हँसकर जिससे
तुम मेरा मन-मानस पाषाण करो
मैं तूफ़ानों में चलने का आदी हूँ
तुम मत मेरी मंज़िल आसान करो

क. प्रस्तुत कविता का मूल भाव क्या है?
- (अ) कठिनाइयों में ही जीवन की यात्रा की सार्थकता है।
- (ब) तूफानों में मंजिलें आसानी से मिलती हैं।
- (स) हमें किसी की दया स्वीकार नहीं करनी चाहिए।
- (द) फूलों की सुंदरता से जीवन महक जाता है।

ख. 'सौ बार मृत्यु के गाल चूम आया हूँ' में कौन सा अलंकार है?
- (अ) उपमा अलंकार
- (ब) श्लेष अलंकार
- (स) यमक अलंकार
- (द) रूपक अलंकार

ग. निम्नलिखित में से कौन सी पंक्ति कवि का विचार नहीं है?
- (अ) अवरोधों से ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है।
- (ब) मेहनत से ही जीवन के लक्ष्य प्राप्त होते हैं।
- (स) नाश और निर्माण में परस्पर कोई संबंध नहीं है।
- (द) कवि को अपनी ही दया स्वीकार है।

घ. कवि दूसरों से क्या अपेक्षा करता है?
- (अ) वह चाहता है कि लोग उसका साथ दें।
- (ब) वे मरघट से जिंदगी बुलाकर लाएँ।
- (स) वे किस्मत से आँख मिचोली खेलें।
हम आज देश के लिए करते क्या ,कैसे सन्दर्भों में ये बातें मन को कचोट जाती हैं-कभी कैसे -कभी निशाँ नहीं है-बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम-मांगें हर क्षेत्र में बड़ी ?हैंअपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य | हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं पर क्या कभी हमने जाँचा है की | रह गया है काले मेघा दल के दल उमड़ते ?अपने स्टार पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे है ,पानी झमाझम बरसता है ,हैं पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है ? बैल पियासे के पियासे रह जाते है , ? अस्खिर कब बदलेगी यह स्थिति

1. लेखक केक मन को किस तरह की बातें कचोटती है ?
   (क) त्याग और कर्तव्य न कर स्वार्थ की बातें करना
   (ख) देश के लिए बलिदान करना
   (ग) देश की भलाई के लिए कार्य करना
   (घ) अपने कर्तव्य का पालन करना

2. गगरी तथा बैल के उल्लेख से लेखक क्या कहना चाहता है ?
   (क) देश के संसाधनों का भरपूर उपयोग हो रहा है
   (ख) देश में अपार संसाधन पर जनता की जरूरतें पूरी नहीं हो रही है
   (ग) गगरी भर नहीं पा रही है बैल प्यासे रह जाते हैं
   (घ) देश में सबको सुविधाएँ मिल रही है

3. भ्रष्टाचार की चर्चा करते समय क्या आवश्यक हैं ?
   (क) हमें अपना कार्य करते रहना हैं
   (ख) हमें अपने भलाई की बात सोचना है
   (ग) हम स्वयं उसमें लिप्त तो नहीं हैं
   (घ) हम भ्रष्टाचार से दूर रहें

4. ?" स्थिति कब बदलेगी यह स्थिति "आपके विचार से यह स्थिति कब बदल सकती हैं ?
   (क) हमारी अपनी भलाई करते रहने से
   (ख) हमारे मन में विचार कर लेने से
   (ग) सबको रोजगार मिल जाने से
   (घ) लोगों के स्वार्थ और भ्रष्टाचार से दूरी बना लेने से

5. देश से भ्रष्टाचार कैसे समाप्त हो सकता है ?
   (क) सबको रोजगार मिल जाने पर
   (ख) देश से गरीबी मिट जाने पर
   (ग) समाज और सरकार में दृढ़इच्छा शक्ति जागृत हो जाने पर
   (घ) अन्डों करने पर

उत्तर संकेत 1-क, 2-ख, 3-ग, 4-घ, 5-ग

पाठ – तीन – काले मेघा पानी दें – पठित गद्यांश) संख्या तीन - अंक (5

निम्नलिखित गद्याश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों का चयन किजिये –

बस एक बात मेरे समझ में नहीं आती |पानी की आशा पर जैसा सारा जीवन आकर टिक गया है थी कि जब चरों ओर पानी की इतनी कमी है तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकठ्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी भरदेश की कितनी क्षति होती |कैसी निर्मम बर्बादी है पानी की |भर कर इन् पर क्यों फेंकते हैं- अगर इंद्र महाराज से ये पानी दिलवा ? कौन कहता है इन्हें इंद्र की सेना | है इस तरह के अंधविश्वास से ,क्यों मोहल्ले भर का पानी नष्ट करवाते घुमाते है ? सकते हैं तो खुद अपने लिए पानी क्यों नहीं मांग लेते ऐसे ही अंधविश्वासों केकारण हम अंग्रेजों से पिछड़ गए गए और |अंधविश्वास है | नहीं यह सब पाखण्ड है | गुलाम बन गए

1. लेखक को कौन? सी बात समझ नहीं आती थी-
   - क. इन्दर सेना पर एक| एक घड़ा पानी उंडेलकर पानी को नष्ट करना-
   - ख. लोग पानी को इकठ्ठा करके क्यों रखते है ?
   - ग. गर्मी अधिक क्यों पड रही है ?
   - घ. अधिक वर्षा क्यों नहीं हो रही है ?

2. लेखक पानी को निर्मम बर्बादी किसे मानता था ?
   - क. पानी इकठ्ठा करना
   - ख. अधिक वर्षा होना
   - ग. ज्यादा से ज्यादा लोगो को पानी देना
   - घ. उपरोक्त में से कोई नहीं |

3. लेखक के अनुसार देश को क्षति किससे होती है?
   - क. पानी की बर्बादी से
   - ख. मेंढक मंडली पर पानी डालने से
   - ग. अंधविश्वासों में विश्वास करने से
   - घ. उपरोक्त सभी से

4. गद्यांश में किस पर छोट किया गया है ?
   - क. मेंढक मंडली पर
   - ख. जीजी पर
   - ग. अंधविश्वासों पर
   - घ. बाल्टी भर पानि पर

5. किस कारणों से हम अंग्रेजों के गुलाम बन गए ?
   - क. मेंढक मण्डली के कारण
   - ख. पानी की बर्बादी के कारण
   - ग. पानी को इकठ्ठा करने के कारण
   - घ. अंधविश्वासों के कारण

उत्तर संकेत 1-क, 2-घ, 3-घ, 4-ग, 5-घ

पहलवान की ढोलक

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प दीजिए।

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बॉस-फूस की झोपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य अँधेरा और निस्तब्धता !

(क) लेखक किस तरह के मौसम का वर्णन कर रहा है।

i. ठंडी का मौसम ii. गर्मी का मौसम iii. बारिश का मौस iv. कुछ नहीं

(ख) गाँव किससे पीड़ित है?

i. मलेरिया और हैजे से ii. ज्वर से iii. लखवा से iv अपाचन से

(ग) गाँव किसके समान काँप रहा है।

i. बूढ़े आदमी की तरह ii. पत्ते की तरह

iii. डरा हुआ आदमी की तरह iv. डरा हुआ शिशु की तरह

(घ) गद्यांश के आधार पर गाँव की आर्थिक दशा-

i. सुसम्पन्न ii. समृद्ध iii. दरिद्र iv. समतुल एवं समृद्ध

(ङ) 'अमावस्या' का विपरीतार्थक शब्द –

i. अनवस्या ii. पूर्णिमा iii. उजाला iv.चाँदीनी

प्रश्न 2.

अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

सियारों का क्रंदन और पेचक की डरावनी आवाज़ कभी-कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी । गाँव की झोंपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज़, 'हरे राम! हे भगवान!' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी । बच्चे भी कभी-कभी निर्बल कंठों से 'माँ-माँ पुकार कर रो पड़ते थे । पर इससे रात्री की निस्तधता में वशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

(क) गाँव में ऐसा क्या हो गया था कि आँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रहीं थीं?

i. हैजा व मलेरिया का प्रकोप ii. पहलवान की ढोलक की भीषण धुन

iii. लोगों की नींद iv. ग्रामीण वातावरण

(ख) 'निस्तब्धता' इसे कहते हैं –

i.निश्शब्द होने को ii. मौन या गतिहीनता को

iii.उपलब्द न होना iv. ढोलक की आवाज को

(ग) रात के इस वर्णन के माध्यम से लेखक ने यह किया ।

i. कहानी में वातावरण निर्माण ii.धरती और आसमान का रूप वर्णन किया

iii. i&iiदोनों सही iv. i&ii दोनों गलत

(घ) किन का क्रंदन सुनाई दे रहा था ?

i.बिल्लियों का ii. पेचकों का iii. कुत्तों का iv. सियारों का

(ङ) 'इससे रात्री की निस्तधता में वशेष बाधा नहीं पड़ती थी' अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार

i.विधिवाचक वाक्य ii. निषेधवाचक वाक्य iii. प्रश्नवाचक वाक्य iv.मिश्र वाक्य

प्रश्न 3 –

लुट्टन के माता पिता उसे नौ वर्ष की उम्र में ही अनाथ बनाकर चल बसे थे। सौभाग्यवश शादी हो चुकी थीं, वरना वह भी माँ बाप का अनुसरण करता। विधवा सास ने पाल-पोसकर बड़ा किया। बचपन में वह गाय चराना, धारोष्ण दूध पीता और कसरत किया करता था। गाँव के लोग उसकी सास को तरह-तरह की तकलीफ़ दिया करते थे, लुट्टन के सिर पर कसरत की धुन लोगों से बदला लेने के लिए ही सवार हुई। नियमित कसरत ने किशोरावस्था में ही उसके सीने और बाँहों को सुडौल तथा मांसल बना दिया था । जवानी में कदम रखते ही वह गाँव में सबसे अच्छा पहलवान समझा जाने लगा। लोग उससे डरने लगे और वह दोनों हाथों को दोनों ओर 45 डिग्री की दूरी पर फैलाकर, पहलवान की भाँति चलाने लगा। वह कुश्ती भी लड़ता था।

(क) लुट्टन कौन था?

कथन i. बचपन में ही माँ-बाप को खोया एक बालक था ।

कथन ii. दरबारी संगीत कलाकार

i.कथन एक सही ii. कथन दो सही iii. कथन एक और दो सही iv. दोनों कथन गलत

(ख) नौ वर्ष की उम्र में विवाह हो जाना लुट्टन का सौभाग्य क्यों था कि

i. वह अनाथ होने से बच गया ii. जल्दी बाप बन गया

iii. एक अच्छा पहलवान बन गया iv. एक अच्छा कलाकार बन गया

(ग) धारोष्ण दूध से क्या तात्पर्य है?

i. गाय का दूध ii. गरम दूध iii. गाय का गरम दूध iv. धार का गरम दूध

(घ) कसरत करके पहलवान बनने की इच्छा उसके मन में क्यों पैदा हुई थी?

i. सास से बदला लेने केलिए ii. गाँव वालों से बदला लेने केलिए

iii. सास के विरोधियों से बदला लेने केलिए iv. अपना स्वास्थ्य को बढ़ाने केलिए

(ङ) 'सौभाग्यवश' शब्द का विपरीतार्थक शब्द -

i. भाग्यवश ii. विभाग्यवश iii. दुर्भाग्यवश iv. भाग्यहीनता

शिरीष के फूल

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के के उचित विकल्प उत्तर चुनें।5 x1=5

जहाँ बैठ के यह लेख लिख रहा हूँ उसके आगे-पीछे, दायें-बायें, शिरीष के अनेक पेड़ हैं। जेठ की जलती धूप में, जबकि धरित्री निर्धूम अग्निकुंड बनी हुई थी, शिरीष नीचे से ऊपर तक फूलों से लद गया था। कम फूल इस प्रकार की गरमी में फुल सकने की हिम्मत करते हैं। कर्णिकार और आरग्वध (अमलतास) की बात मैं भूल नहीं रहा हूँ। वे भी आस-पास बहुत हैं। लेकिन शिरीष के साथ आरग्यध की तुलना नहीं की जा सकती। वह पंद्रह-बीस दिन के लिए फूलता है, वसंत ऋतु के पलाश की भाँति। कबीरदास को इस तरह पंद्रह दिन के लिए लहक उठना पसंद नहीं था। यह भी क्या कि दस दिन फूले और फिर खखंड-के-खखंड-- 'दिन दस फूला फूलिक, खखंड भया पलास!' ऐसे दुमदारों से तो लंडूरे भले। फूल है शिरीष। वसंत के आगमन के साथ लहक उठता है, आषाढ़ तक जो निश्चित रूप से मस्त बना रहता है। मन रम गया तो भरे भादों में भी निर्घात फूलता रहता है।

प्रश्न 1,

लेखक कहाँ बैठकर लिख रहा होगा? वहाँ कैसा वातावरण रहा होगा ?

i. किसी उपवन में, अत्यन्त गरमी   ii. किसी महल में, बहुत ठन्डी

iii.कबीर के घर में, तेज बरीश   iv.कुछ नहीं

2. लेखक शिरीष के फूल की यह विशेषता बताता हैं?

i.इस फूल का रङ्ग   ii.इस फूल का आकर

iii.इस फूल के सदा विकसित रहना   iv. इस फूल का सुगंध

3. कबीरदास को कौन-से फूल पसंद नहीं थे ?

i.शिरीष के फूल   ii.पलाश, कर्णिकार और आरग्वध

iii. गुलभ और चम्पा   iv.चमेली और जूही

4. शिरीष किस ऋतु में लहकता है?

i. वसन्त   ii. ग्रीष्म   iii. वर्षा   iv. किसी भी ऋतु

5. इस गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नम -

i. ऋतु वसंत और कबीरदास   ii. सोनजूही के फ़ूल और सुमित्रनन्दन पन्त

iii. शिरीष के फूल और हजरी प्रसद द्विवेदी   iv शिरीष के फूल और जैनेन्द्र कुमर

प्रश्न 2:

कालिदास सौन्दर्य के बाह्य आवरण को भेदकर उसके भीतर तक पहुँच सकते थे, दुख हो कि सुख, वे अपना भाव-रस उस अनासक्त कृषीवल की भाँति खीचं लेते थे जो निर्दलित इक्षुदंड से रस निकाल लेता है। कालिदास महान थे, क्योंकि वे अनासक्त रह सके थे। कुछ इसी श्रेणी की अनासक्ति आधुनिक हिन्दी कवि सुमित्रानंदन पंत में है। कविवर रवीन्द्रनाथ में यह अनासक्ति थी|एक जगह उन्होंने लिखा- 'राजोद्यान का सिंहद्वार कितना ही अभ्रभेदी क्यों न हो, उसकी शिल्पकला कितनी ही सुंदर क्यों न हो, वह यह नहीं कहता कि हम में आकर ही सारा रास्ता समाप्त हो गया। असल गंतव्य स्थान उसे अतिक्रम करने के बाद ही है, यही बताना उसका कर्तव्य है।' फूल हो या पेड़, वह अपने-आप में समाप्त नहीं है। वह किसी अन्य वस्तु को दिखाने केलिए उठी हुई अँगुली का वह इशारा है।

(i) कालीदास की सौन्दर्य-दृष्टि कैसी थी?

(क) स्थूल और बाहरी (ख) सूक्ष्म और सम्पूर्ण

(ग) आसक्त और आडंबरो (घ) अतिक्रम और अभ्रभेदी

(ii) कौन-से गुण के कारण कालिदास, सुमित्रानंदन पंत और रवींद्र नाथ टैगोर कविताओं के साथ न्याय कर पाए?

(क) गंतव्यता (ख) निर्दलीयता ग) कृषीवलता (घ) तटस्तता

(iii) फूलों और पेड़ों से हमें जीवन की-------------- की प्रेरणा मिलती है--

(क) निरंतरता (ख) भावपूर्णता (ग) समापनता घ) अतिक्रमनता

(iv) निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A) : पुष्प या पेड़ अपने सौन्दर्य से यह बताते है कि यह सौन्दर्य अंतिम नहीं है ।

कारण (R) : भारतीय शिल्पकला विशेष रूप से प्रसिद्द है विभिन्न भारतीय किवयों ने इस बात की पुष्टि की है ।

(क) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों गलत है।

(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(v) गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

(I) कला की कोई सीमा नहीं होती।

(II) शिरीष के वृक्ष को कालजयी अवधूत के समान कहा गया है।

(III) कालिदास की समानता आधुनिक काल के किवयों के साथ दिखाई गई है।

उपरलिखित कथनों में से कौन-सा/ कौन-से सही है/हैं

(क) केवल I (ख) केवल III (ग) I और II (घ) I और III

प्रश्न 3 :

मन रम गया तो भरे भादों में भी निर्घात फूलता रहता है। जब उमस से प्राण उबलता रहता है और लू से हृदय सूखता रहता है, एकमात्र शिरीष कालजयी अवधूत की भाँति जीवन की अजेयता का मंत्र प्रचार करता रहता है। यद्यपि कवियों की भाँति हर फूल-पत्ते को देखकर मुग्ध होने लायक हृदय विधाता ने नहीं दिया है, पर नितांत ठूँठ भी नहीं हूँ। शिरीष के पुष्प मेरे मानस में थोड़ा हिल्लोल जरूर पैदा करते हैं।

प्रश्न:

1, अवधूत किसे कहते हैं?

i. श्रेष्ट महाराज को ii. दरिद्र भिखारी को

iii. मोहमया छोडनेवले सन्यासी को iv. किसी देश के राजधूत को

2. शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों कहा गया है?

i.सदा फ़ूले रहने का कारण ii. नितांत सूखे रहने का कारण

iii. लेखक के मन को लुभाने का कारण iv ऊंचे पेड होने की वजह से

3.'नितांत ठूँठ' से यहाँ क्या तात्पर्य है?

i. रसपूर्ण होना ii. रसहीन होना iii. ललसाना iv. टूट जाना

4.लेखक स्वयं को नितांत ठूँठ क्यों नहीं मानता?

i.प्रकृति-प्रेमी व भावुक मानने की वजह से ii. प्रकृति-प्रेमी व भावुक न मानने की वजह से

iii. प्रकृति से दूर होने की वजह से iv.कुछ नहीं

5 शिरीष जीवन की अजेयता का मंत्र कैसे प्रचारित करता रहता है?

i. जीवन के मूल मंत्र ii. वृक्ष प्रेमी बनने का मंत्र

iii. जीवन की आत्मीयता का मंत्र iv. जीवन की अजेयता का मंत्र

प्रश्न 4 :

शिरीष के फूल की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब-कुछ कोमल है! यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते। जब तक नए फल-पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं। मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी प्रकार ज़माने का रुख नहीं पहचानते और जब तक नई पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं।

प्रश्न

1. शिरीष के नए फल और पत्तों का पुराने फलों के प्रति व्यवहार संसार में इस रूप में देखने को मिलता है.

i. आज के नेता के व्यवहार ii. वैज्ञानिक रूप iii सांसरिक बन्धनों के रूप iv निरुप

2. किसे देखकर कवियों ने भूल की ?

i. शिरीष के फल की कोमलता देखकर ii. शिरीष के फूल की कोमलता देखकर

iii. शिरीष के पत्तों की कोमलता देखकर iv कुछ नहीं

3. शिरीष के फूलों और फलों के स्वभाव में क्या अंतर हैं?

i. फ़ूल कोमल और फल मजबूत ii. फूल मजबूत पर फल नहीं

iii. फूल और फल मजबूत iv. फूल और फल दोनों कोमल

4. शिरीष के फूलों और आधुनिक नेताओं के स्वभाव में लेखक को दिखाई पड़ता है ।

i. किसी प्रकर के परिवर्तन को न पहचान पाना ii. मौसमों के परिवर्तन से बदल जाना

iii. i. और ii दोनों सही iv. i & ii दोनों गलत

5. ‘मर्मरित’ तथा ‘कोमलता’ में प्रत्यय-

i.-‘रित तथा लता’ ii. –‘इत’ तथा ‘लता’ iii. –‘इत’ तथा -‘ता’ iv. –‘ता तथा –लता’

प्रश्न 5:

मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार-लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अतिप्रामाणिक सत्य है। तुलसीदास ने अफसोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगाई थी- ‘धरा को प्रमान यही तुलसी, जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना!' मैं शिरीष के फूलों को देखकर कहता हूँ कि क्यों नहीं फलते ही समझ लेते बाबा की झड़ना निश्चित है। सुनता कौन हैं? महाकालदेवता सपासप कोड़े चला रहे हैं, जीर्ण और दुर्बल झड़ रहे हैं, जिनमें प्राणकण थोड़ा भी ऊर्ध्वमुखी है, वे टिक जाते हैं। दुरंत प्राणधारा और सर्वव्यापक कालाग्नि का संघर्ष निरंतर

चल रहा है। मूर्ख समझते हैं कि जहाँ बने हैं, वहीं देर तक बने रहे तो कालदेवता की आँख बच जाएँगे। भोले हैं वे। हिलते-डुलते रहो, स्थान बदलते रहो, आगे की ओर मुँह किए रहो तो कोड़े की मार से बच भी सकते हो। जमे कि मरे!

प्रश्न:

1. जीवन का सत्य क्या हैं?

i. अधिकार-लिप्सा ii. प्राणकण iii. सर्वव्यापक कालाग्नि iv. जरा और मृत्यु

2. शिरीष के फूलों को देखकर लेखक क्या कहता हैं?

i. झड़ना निश्चित है ii. जीवन निश्चित है iii. संघर्ष अनिश्चित iv. कोई न्हीं

3, महाकाल से क्या मतलब है?

i. महान काल ii. महासर्प iii. यमराज iv. स्वर्णिमकाल

4. मुर्ख व्यक्ति क्या समझते हैं?

i.मृत्यु से बच जाएँगे ii. मृत्यु से बच न पाएंगे iii. एक जगह छिपे न रह सकते हैं iv. कोई नहीं

5. 'अतिप्रामाणिक' से प्रत्यय और उपसर्ग अलग कीजिए.

i. अ-प्रत्यय, अति-उपसर्ग ii. अति- उपसर्ग, इक- प्रत्यय

iii. उपसर्ग नहीं, इक-प्रत्यय iv. प्रत्यय व उपसर्ग दोनों नहीं ।

श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा

डॉ० भीमराव अंबेडकर

निम्नलिखित गदयांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प दीजिए -

प्रश्न 1:

यह विडंबना की ही बात है, कि इस युग में भी 'जातिवाद' के पोषकों की कमी नहीं है। इसके पोषक कई आधारों पर इसका समर्थन करते हैं। समर्थन का एक आधार यह कहा जाता है कि आधुनिक सभ्य समाज 'कार्य-कुशलता' के लिए श्रम-विभाजन को आवश्यक मानता है, और चूँकि जाति-प्रथा भी श्रम-विभाजन का ही दूसरा रूप है इसलिए इसमें कोई बुराई नहीं है। इस तर्क के संबंध में पहली बात तो यही आपत्तिजनक है कि जाति-प्रथा श्रम-विभाजन के साथ-साथ श्रमिक-विभाजन का भी रूप लिए हुए है। श्रम विभाजन, निश्चय ही सभ्य समाज की आवश्यकता है, परंतु किसी भी सभ्य समाज में श्रम विभाजन की व्यवस्था श्रमिकों का विभिन्न वर्गों में अस्वाभाविक विभाजन नहीं करती। भारत की जाती-प्रथा की एक और विशेषता यह है कि यह श्रमिकों का अस्वाभाविक विभाजन ही नहीं करती बल्कि विभाजित विभिन्न वर्गों को एक-दूसरे की अपेक्षा ऊंच-नीच भी करार देती है, जो कि विश्व के किसी भी समाज में नहीं पाया जाता है।

1-डॉ० भीमराव अंबेडकर जातिप्रथा को श्रम-विभाजन का ही रूप क्यों नहीं मानते हैं?

i. यह मनुष्य की रुचि पर आधारित नहीं है ii. व्यक्ति की क्षमताओं की उपेक्षा की जाती है

iii. व्यक्ति के जन्म से पहले ही उसका पेशा निर्धारित कर दिया जाता है iv. तीनों सही।

2. इस युग में भी जातिवाद के पोशाकों की कमी नहीं होना कैसी बात कही गई है?

i. विडंबना की ii. खुशी की बात iii. शर्म की बात iv. आश्चर्य की बात

3. जातिवाद के समर्थक जाति प्रथा को क्या मानते हैं?

i. श्रम फल ii. श्रम विभाजन iii. श्रमिक विभाजन iv कार्य निष्पादन

4. इस गद्यांश के लेखक और पाठ के नाम –

i. फणीश्वर नाथ रेनू - श्रम शक्ति और जातिवाद ii. जैनेंद्र कुमार संवाद और जाति प्रथा

iii.विष्णु खरे श्रम विभाजन iv. डॉ बी आर अंबेडकर श्रम विभाजन और जाति प्रथा

5. निम्नलिखित में से अनमेल को पहचानिए

i. जाति प्रथा - श्रमिक विभाजन ii. जाति प्रथा वैयक्तिक रूचि के आधार पर

iii. जाति प्रथा- अस्वाभाविक विभाजन iv. जाति प्रथा -कुछ समर्थक भी है

प्रश्न 2

जाति-प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण ही नहीं करती बल्कि मनुष्य को जीवन-भर के लिए एक पेशे में बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखों मर जाए। आधुनिक युग में यह स्थिति प्राय: आती है, क्योंकि उद्योग-धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभी-कभी अकस्मात परिवर्तन हो जाता है, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न हो तो इसके लिए भूखों मरने के अलावा क्या चारा रह जाता है? हिंदू धर्म की जाति-प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पारंगत हो। इस प्रकार पेशा-परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है।

1, जाति-प्रथा इसका पूर्वनिर्धारण करती हैं?

i. व्यक्ति का पेशा ii. व्यक्ति का गुण iii. व्यक्ति का रंग iv. व्यक्ति का व्यक्तित्व

2. आधुनिक युग में पेशा बदलने की जरूरत क्यों पड़ती है?

i. आधुनिक उद्योग दंदों की वजह से ii. कुछ लोगों की वजह से

iii.लोगों में ताकत कम् होने की वजह से iv. कोई कारण नहीं

3. पेशा बदलने की स्वतंत्रता न होने से यह परिणाम होता है।

i.बेरोजगारी से भूखे मरेंगे ii. धर्म बदलेंगे iii. आलसी बनेंगे iv कार्य कौशल बढ़ेगा

4. हिन्दू धर्म की क्या स्थिति है ?

i. हिंदू धर्म में जाति-प्रथा दूषित है ii. हिंदू धर्म में जाति-प्रथा नहीं है

iii. दोनों विकल्प सही iv दोनों विकल्प गलत

5. 'अकस्मात' शब्द का अर्थ -

i. अचानक ii. आकाश से मिला iii. आवश्यक होना iv. अनावश्यक

(ख) मेरी कल्पना का आदर्श समाज

प्रश्न 3 :

फिर मेरी दृष्टि में आदर्श समाज क्या है? ठीक है, यदि ऐसा पूछेंगे, तो मेरा उत्तर होगा कि मेरा आदर्श समाज स्वतंत्रता, समता, भ्रातृता पर आधारित होगा? क्या यह ठीक नहीं है, भ्रातृता अर्थात भाईचारे में किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? किसी भी आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह कि दूध-पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का यही वास्तविक रूप है और इसी का दूसरा नाम लोकतंत्र है।

1. लेखक ने इन विशेषताओं को आदर्श समाज की धुरी माना हैं-

i.स्वतंत्रता, समानता व भाईचारा ii.सत्य, अहिंसा व धर्म

iii. शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यसाय iv.परिवर्तन,भ्रातृता

2. 'भ्रातृता' का अर्थ -

i.भाईचारा ii. मित्रता iii. रिस्तेदारी iv. कुछ नहीं

3. 'अबाध संपर्क' से लेखक का क्या अभिप्राय है?

i. बिना बाधा के संपर्क ii. अभाग्यों से संपर्क iii. नसमझ संपर्क iv.कुछ नहीं

4. लोकतंत्र का वास्तविक स्वरूप किसे कहा गया है?

i. भाईचारा को ii. धर्म पालन को iii. अच्छा शासन को iv. अपनों की मदद को

5. गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम

i. डॉ०भीमराव अंबेडकर और मेरी कल्पना का आदर्श समाज

ii. डॉ० धर्मवीर भारती और मेरी कल्पना का आदर्श समाज

iii. डॉ०भीमराव अंबेडकर और बाजार दर्शन

iv.तीनों विकल्प सही

प्रश्न 4 :

व्यक्ति विशेष के दृष्टिकोण से, असमान प्रयत्न के कारण, असमान व्यवहार को अनुचित नहीं कहा जा सकता। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता का विकास करने का पूरा प्रोत्साहन देना सर्वथा उचित है। परंतु यदि मनुष्य प्रथम दो बातों में असमान है तो क्या इस आधार पर उनके साथ भिन्न व्यवहार उचित हैं? उत्तम व्यवहार के हक की प्रतियोगिता में वे लोग निश्चय ही बाजी मार ले जाएँगे, जिन्हें उत्तम कुल, शिक्षा, पारिवारिक ख्याति, पैतृक संपदा तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठा का लाभ प्राप्त है। इस प्रकार पूर्ण सुविधा संपन्नों को ही 'उत्तम व्यवहार' का हकदार माना जाना वास्तव में निष्पक्ष निर्णय नहीं कहा जा सकता। क्योंकि यह सुविधा-संपन्नों के पक्ष में निर्णय देना होगा। अतः न्याय का तकाजा यह है कि जहाँ हम तीसरे (प्रयास की असमानता, जो मनुष्यों के अपने वश की बात है) आधार पर मनुष्यों के साथ असमान व्यवहार को उचित ठहराते हैं, वहाँ प्रथम दो आधारों (जो मनुष्य के अपने वश की बातें नहीं हैं, पर उनके साथ असमान व्यवहार नितांत अनुचित है। और हमें ऐसे व्यक्तियों के साथ यथासंभव समान व्यवहार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में, समाज को यदि अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करनी है, तो यह तो संभव है, जब समाज के सदस्यों को आरंभ से ही समान अवसर एवं समान व्यवहार उपलब्ध कराए जाएँ।

प्रश्नः

1. लेखक किस असमान व्यवहार को अनुचित नहीं मानता?

i.व्यक्ति विशेष के दृष्टिकोण से असमान प्रयत्न ii. असमान व्यवहार

iii. विशेष के दृष्टिकोण से समान प्रयत्न iv. विशेष के दृष्टिकोण से विशेष प्रयत्न

2. लेखक किस बात को निष्पक्ष निर्णय नहीं मानता?

i. उच्च वर्ग को उत्तम व्यवहार का हकदार नहीं माना जाना ii. निम्न वर्ग को उत्तम व्यवहार का हकदार माना जाना

iii.किसी वर्ग को उत्तम व्यवहार का हकदार न माना जाना iv.उच्च वर्ग को उत्तम व्यवहार का हकदार माना जाना

3. न्याय का तकाजा क्या हैं?

i.व्यक्ति के साथ बिना भेद भाव समान व्यवहार करना ii.व्यक्ति के वंश के आधार पर व्यवहार करना

iii. .व्यक्ति के होदे के आधार पर व्यवहार करना iv.किसी से निराधार रहना

4. समाज अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता कैसे प्राप्त कर सकता हैं?

i. समाज के सदस्यों को शुरू से असमान अवसर व असमान व्यवहार मिलने पर

ii.समाज के सदस्यों को शुरू से समान अवसर व समान व्यवहार मिलने पर

iii. कुछ लोगों को शुरू से समान अवसर व समान व्यवहार मिलने पर

iv. कोई सही नहीं

5. इस गद्यांश किससे लिया गाया है -

i.डॉ. आंबेडकर का भाषण 'एनीहीलेशन ऑफ कास्ट'

ii. महात्मा गांधीजी का 'मै एक्सपरिमेंट विद ड्रुथ से'

iii. हजारी परसाद द्विवेदी का कल्पलता से

iv. तीनों सही

सही उत्तर विकल्प

पहलवान की ढोलक

प्रश्न 1.	क) i	ख) i	ग) iv	घ) iii	ङ) ii
प्रश्न 2.	क)	ख)	ग)	घ)	ङ)
प्रश्न 3	क) i	ख) i	ग) iv	घ) iii	ङ) iii

शिरीष के फूल

प्रश्न I.	1) i	2) iii	3) ii	4) iv	5) iii
प्रश्न II.	i) क	ii) ख	iii) क	iv) ख	v) ग
प्रश्न III.	1) iii	2) i	3) ii	4) i	5) iv
प्रश्न IV.	1) i	2) ii	3) i	4) i	5) iii
प्रश्न V.	1) iv	2) i	3) iii	4) i	5) ii

श्रम विभाजन और जाति-प्रथा

प्रश्न -1.	1) iv	2) i	3) ii	4) iv	5) ii
प्रश्न -2	1) i	2) i	3) i	4) i	5) i
प्रश्न -3	1) i	2) i	3) i	4) i	5) i
प्रश्न-4	1) i	2) ii	3) i	4) ii	5) i

<u>**सिल्वर वेडिंग**</u>

.1. **सिल्वर वेडिंग कहानी की मूल संवेदना क्या है ?**

क)पीढ़ियों का अंतराल

ख)सामाजिक बदलाव

ग)भाई बहन का रिश्ता

घ)आधुनिकीकरण

2. **यशोधर बाबू किसे अपना आदर्श मानते थे ?**

क) किशन दा को

ख) चड्ढा को

ग) खुद को

घ) किसी को नहीं

3. **कहानी सिल्वर वेडिंग में किशन दा की मृत्यु के संदर्भ में "जो हुआ होगा" से कहानीकार का क्या मतलब हैं ?**

क)उन्हेँ परवाह नहीँ है

ख)लेखक को किशन दा की मृत्यु का कारण नहीं पता था।

ग)सम्वेदनहीनता का उदाहरण

घ)सामाजिक बदलाव

4. **यशोधर बाबू कहां के रहने वाले थे ?**

क)उत्तराखंड के कुमाऊँ मण्डल के अल्मोड़ा जिले के

ख) उत्तराखंड के कुमाऊँ मण्डल के नैनीताल जिले के

ग) दिल्ली के

घ)मुम्बई के

5. **यशोधर बाबू के बड़े लड़के का क्या नाम है -?**

क) भूषण

ख)चरण

ग)सुधाकर

घ)करण

6. **यशोधर बाबू की बेटी शादी क्यों नहीं करना चाहती थी ?**

क)क्योंकि वह शादी के खिलाफ़ थी

ख)वह आज़ाद खयालो की थी

ग) क्योंकि वह डाक्टरी की पढाई के लिए अमेरिका जाना चाहती थी।

घ)उसे पुरूषोँ से नाराज़गी थी

7. **सिल्वर वेडिंग में ऊनी ड्रेसिंग गाउन उपहार लेते समय यशोधर बाबू को बेटे की कौन सी बात चुभ गई ?**

क) उपहार उन्हे अच्छा नहीं लगा।

ख) ऊनी ड्रेसिंग गाउन को पहनकर दूध लाने की बात

ग) बेटे द्वारा पिताजी के फटे गाउन की बात कहकर नया गाउन पहनकर दूध लाने का निर्देश

घ) यशोधर बाबू को बेटे की कौन सी बात नहीं चुभी

8. **यशोधर बाबू कैसी जिंदगी जीना चाहते थे ?**

क)सादगी भरी

ख)दिखावे से भरा

ग) उन्हे जीवन से कोई रूचि नहीं थी

घ)ऐशो आराम भरी

9. **किशन दा का पूरा नाम क्या था ?**

क) कृष्णानंद पांडे

ख) वाई डी पंत

ग) कृष्णानंद तिवारी

घ) कृष्णानंद पंत

10. **किशनदा , यशोधर बाबू को अपना कौन सा पुत्र मानते थे ?**

क) प्रिय पुत्र

ख)मानस पुत्र

ग) कुपुत्र

घ) सुपुत्र

11. **ऑफिस से छुट्टी होने पर यशोधर बाबू कहां जाते थे ?**

क) बिडला मंदिर

ख) दिल्ली हाट

ग) चौरंगी

घ)कनाट प्लेस

12. **यशोधर बाबू की किससे तकरार होती रहती थी ?**

क) बाज़ार के लोगो से

ख) अधिकारी से

ग)उनका कोई शत्रु नहीं था

घ) पत्नी और बच्चों से

13. **अपने बच्चों के साथ पंत का व्यवहार कैसा था ?**

क)अलगाव भरा

ख) मित्रवत

ग) अच्छा सम्बंध था

घ) वे एक दूसरे से बात नहीं करते थे

14. **मां की मृत्यु के पश्चात यशोधर पंत किसके पास रहे ?**

क) होस्टल में

ख) अपनी बुआ के पास

ग) किशन दा के पास

घ)घर में ही

15. **यशोधर पंत की सिल्वर वेडिंग का प्रबंध किसने किया ?**

क)भूषण ने

ख)गिरिश ने

ग) पंत जी की पत्नी ने

घ)उनकी बटी ने

16. **(कथन)यशोधर बाबू के साथ उनके बच्चो के बीच की मानसिक दूरी थी।**

(कारण) यशोधर बाबू के साथ उनके बच्चो के बीच की मानसिक दूरी की वजह पीढी के अंतराल को माना जा सकता है।

क)कथन सही है,परंतु कारण सही नहीं है।

ख)कथन का सही कारण नहीं है

ग)कथन और कारण दोनों सही

घ) कथन और कारण दोनों गलत है

17. **यशोधर बाबू किन वाक्यों को बार -बार दोहराते हैं -?**

क) "समहाऊ इम्प्रोपर"

ख) "जो हुआ होगा"।

ग) दोनो ही

घ)कोई भी नहीं

18. **यशोधर बाबू अपने जीजाजी का हाल - चाल पूछने के लिए कहां जाना चाहते थे ?**

क)अहमदाबाद

ख) बरोदा

ग)दिल्ली

घ) नैनीताल

19. **"सिल्वर वैडिंग" की कहानी दो पीढ़ियों (पुरानी पीढ़ी व नई पीढ़ी) के बीच के अंतराल व वैचारिक मतभेदों को दर्शाती है।**

क)सही

ख)सही नहीं है

ग) केवल वैचारिक मतभेद पर ही कहानी आश्रित है

घ) पंत जी के जीवन में किशन दा की उपस्थिति ही समस्या का मूल कारण है।

20. **यशोधर बाबू का परिवार किस संस्कृति में ढलने में सफल रहा ?**

क)पाश्चात्य संस्कृति

ख)प्राच्य

ग) भारतीय

घ) परम्परिक

21. **अपने बच्चो की उपलब्धि पर पंत जी का रवैया या विचार सकारत्मक नहीं था,परंतु उनके द्‌वारा लाई गई वस्तुओ का प्रदर्शन वह अत्यंत गर्व से करते थे। यह पंत जी के कौन सी चारित्रिक विशेषता को दर्शाता है?**

क)द्‌वंदात्मक चरित्र

ख)ईर्ष्यापूर्ण चरित्र

ग)दिखावापसंद

घ) अहंकारी

22. **यशोधर बाबू के अनुसार पाश्चात्य विचारधारा ,संस्कारों और मर्यादाओं को समाप्त कर देती है। क्या उनका परिवार भी इस विचार से सहमत था।**

क) उनका पूरा परिवार तथा मित्र भी इस बात से सहमत थे

ख) उनका पूरा परिवार इस बात से सहमत नहीं था

ग) कथन (क)और ख दोनो सही है

घ) केवल (क) सही विकल्प है

23. **"मूर्ख लोग घर बनाते हैं और सयाने लोग उसमें रहते हैं"। यह कथन किसका है?**

क) पंत जी की पत्नी का

ख) किशन दा का

ग) पंत जी का

घ) पंत जी के परिवार का

24.**दफ्तर से निकलकर घर पहुँचने में पंत जी को इतना समय क्यों लगता था?**

क) वे बाज़ार जाते थे

ख)वे बाज़ार से सामान लेकर घर पहुँचते ताकि सवेरे काम आ सके

ग) वे देर तक बाहर रहना चाहते थे ताकि घर के तनावपूर्ण माहौल से दूर रहे

घ) मंदिर जाना अच्छा लगता था

25. **“सिल्वर वेडिंग” पाठ में पंत जी का कौन सा व्यवहार किशन दा के आदर्शो से प्रभावित था। सही विकल्प पहचानिए**

i)अपने अधीनस्यों से दूरी बनाए रखना।

ii)कर्यालय में तय समय से अधिक बैठना।

iii)अधीनस्यों रने हिन-भर शुष्क व्यवहार करना, परंतु शाम को चलते समय उनरनै थोड़ा हास–परिहास करना।

क) I,ii,iiiकथन सही है

ख) i ,ii कथन सही है

ग)i,iiiकथन सही है

घ) iiiकथन सही है

<u>उत्तर संकेत</u>

(1 क 2. क 3. ख 4 क .5 क 6 ग .7 ग 8 क 9.क .10 ख 11. क 12.घ 13.क 14.ख 15.क 16.ग 17.क 18.क 19.क 20.क 21.क 22.ख 23.ख 24.ग 25 क)

<u>जूझ</u>

1.**जूझ कहानी के नायक की चरित्र की विशेषताएं क्या हैं -**

क) संघर्षशील

ख) जुझारूपन

ग) परिश्रमी और कविता के प्रति लगाव

घ) उपरोक्त सभी

2.**लेखक आनंद यादव के पिता ने उनकी पढ़ाई कब छुड़वा दी -**

क)जब वो पांचवी में पढ़ते थे

ख) जब वो आँठवी में पढ़ते थे

ग) जब वो दसवी में पढ़ते थे

घ) जब वो नहीं पढ़ते थे

3.**लेखक अपने दादा यानि पिता के सामने बोलने की हिम्मत क्यों नहीं करते थे - कारण:- i)क्योंकि उसके दादा गुस्सैल व हिंसक स्वभाव के व्यक्ति थे।**

ii) वे अत्यंत शांत स्वभाव के व्यक्ति थे

विकल्प:-

क)i सही उत्तर है

ख)i और ii दोनो सही है

ग)i और ii दोनो गलत है

घ) ii सही है

4.**पढ़ाई के लिए पिता को राजी करने का दबाव डालने के लिए लेखक अपनी मां के साथ किसके पास गया ?**

क) दत्ताजी राव के पास

ख) रत्नप्पा के पास

ग) अध्यापक के पास

घ) कवि के पास

5. **लेखक का दादा (पिता) जल्दी कोल्हू क्यों चलवाता था**

कारण:- i) वह अपने गुड से अच्छी कमाई करना चाहता था या अधिक पैसे कमाने के लिए

ii) उसे मेहनत करना अच्छा लगता था।

विकल्प:-

क)i सही उत्तर है

ख)i और ii दोनो सही है

ग)i और ii दोनो गलत है

घ)ii सही है

6. **दादा ने दत्ताजी राव सरकार के सामने लेखक पर क्या आरोप लगाए ?**

क) सिनेमा देखने जाना

ख)घर व खेती के कार्य में मन न लगाना

ग) व्यर्थ यहां - वहां घूमना।

घ)उपरोक्त सभी सही

7. **"आने दे अब उसे , मैं उसे सुनाता हूं कि नहीं , अच्छी तरह देख"। यह कथन किसने किससे कहा था ?**

क)रत्नप्पा ने वसंत से

ख)दत्ताजी राव ने लेखक की माता से कहा

ग)मास्टर सौंद्लगेकर ने मंत्री से

घ) रत्नप्पा ने दत्ताजी से

8. **आनंदा की कक्षा में शरारत किस कारण कम होने लगी -**

क) सभी उससे डरने लगे थे

ख) गणित के अध्यापक द्वारा शरारती बच्चों की पिटाई किए जाने के बाद।

ग) दोनो विकल्प सही

घ)वसंत ने कक्षा में सभी को बचा लिया था।

9.**बसंत पाटिल की नकल करने से लेखक को क्या लाभ पहुंचा**

क) वो गणित विषय में प्रवीण हो गए

ख) कक्षा में मॉनिटर जैसा सम्मान मिला

ग)अध्यापक की नजरों में एक अच्छे छात्र की जगह बनी।

घ)सभी विकल्प सही है

10. **जूझ कहानी के अनुसार कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया ?**

क) अब उन्हें अकेलापन अच्छा लगने लगा या अकेलेपन से बोरियत खत्म हो गई।

ख) उसकी रूचि पढाई में बढने लगी

ग)अकेला रहना उसे कभी अचछा नही लगता था

घ) कोई विकल्प सही नहीं है।

11. **स्वय कविता रच लेने का आत्मविश्वास लखक के मन में कैस पैदा हुआ**

i) सौंदलगेकर जी कक्षा में सस्वर कविता-पाठ करते थे

ii) सौंदलगेकर ने उसे अन्य कवियों के बारे में बताया

iii) सौंदलगेकर जी छात्रो को मारकर कविता पाठ सिखाते थे

iv) सौंदलगेकर जी लय, छद, गति-यति, आरोह-अवरोह आदि का ज्ञान कराते थे।

क) i सही उत्तर है

ख) i और iii दोनो सही है

ग) i और ii दोनो गलत है

घ) i, ii, iv सही है

12. **पढ़ाई के लिए पिता को राजी करने का दबाव डालने के लिए लेखक अपनी मां के साथ दत्ताजी राव के पास गया| क्योंकि आनंदा को पता था कि दत्ताजी की बात पिताजी मान जाएंगे। कारण**

क) उसके पिताजी दत्ताजी राव की बात कभी नहीं टालेंगे ,कारण वह उनकी इज़्ज़त करते थे ।

ख) उसके पिताजी दत्ताजी राव की बात कभी नहीं टालेंगे ,कारण पिता ने दत्ता जी से कर्ज़ा लिया था

ग) उसके पिताजी दत्ताजी राव की बात कभी नहीं टालेंगे ,कारण वे उनके भाई थे।

घ) उसके पिताजी दत्ताजी राव की बात कभी नहीं टालेंगे ,कारण वे उंसे डरते थे।

13. **जूझ कहानी के नायक की चरित्र की विशेषताएं हैं -**

क) संघर्षशील

ख) जुझारूपन

ग) कविता के प्रति लगाव

घ) उपर्युक्त सभी

14. **शर्त के अनुसार पाठशाला जाने से पहले लेखक को सवेरे कितने बजे तक खेत में काम करना होता था**

क) 1 बजे तक

ख) 11 बजे तक

ग) 2 बजे तक

घ) 3 बजे तक

15. **जूझ कहानी के शीर्षक का अर्थ क्या हैं ?**

क)हताश होना

ख)संघर्ष करना / जूझारुपन

ग) वीर होना

घ) डरपोक होना

16. **पाठशाला जाने की बात लेखक ने सबसे पहले किससे की ?**

क) गणित के अध्यापक से

ख) वसंत से

ग) पिता से

घ) अपनी माँ से

17 **लेखक को अकेलेपन में आनंद क्यों आने लगा - क्योंकि**

क) अकेले में वो अपनी कविताओं को लिख सकते थे

ख) वे कविता रचने के बाद उसे खुलकर गा सकते थे और उनमें अभिनय भी कर सकते थे।

ग) दोनो कारण सही है

घ) केवल (क) विकल्प सही है

18. **(कथन)जूझ कहानी के अनुसार कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में बदलाव आया ।**

(कारण)अब उन्हें अकेलापन अच्छा लगने लगा या अकेलेपन से बोरियत खत्म हो गई।

क)कथन सही है,परंतु कारण सही नहीं है।

ख)कथन का सही कारण नहीं है

ग)कथन और कारण दोनों सही

घ) कथन और कारण दोनों गलत है

19.**लेखक को गणित पढ़ाने वाले मास्टर का क्या नाम था?**

क) रतनप्पा

ख) दत्ता जी राव

ग) सौंद्लगेकर

घ) मंत्री

20 **मराठी भाषा की कविताओं के अलावा सौंदलगेकर को किस भाषा की कविताएं कंठस्थ याद थी ?**

क) तेलुगु

ख) हिंदी

ग) गुजराती

घ) उर्दू

21 **जूझ कहानी किस शैली में लिखी गई हैं ?**

क) यात्रा वृतांत

ख) निबंध

ग) आत्मकथात्मक शैली या आत्मकथात्मक उपन्यास

घ) कविता

22.लेखक की माँ के अनुसार उसका पति दिनभर किसके पास रहता है?

क) बाला बाई
ख) रखमाबाई
ग) लखमा बाई
घ)मुन्नी बाई

23. लेखक ने बचपन में किस प्रकार कविता की रचना की?

क) भैसो की पीठ पर
ख ढोर कराते हुए
ग पत्थर की शिला पर कंकड स
घ उपर्युक्त सभ

24. **लेखक ने दुबारा कौन सी कक्षा में दाखिला लिया -**

क) पहली कक्षा में
ख) पांचवी कक्षा में
ग) सातवी कक्षा में
घ) दसवी कक्षा में

25 **लेखक के पिता का क्या नाम था ?**

क) रत्नाप्पा
ख) कारण्णा
ग) सुबाकी
घ) आनंदा

उत्तर संकेत

1. घ) उपरोक्त सभी
2. क) जब वो पांचवी में पढ़ते थे
3. क)i सही उत्तर है
4. क) दत्ताजी राव के पास
5. क)i सही उत्तर है
6. घ) उपरोक्त सभी सही
7. ख) दत्ताजी राव ने लेखक की माता से कहा
8. ख) गणित के अध्यापक द्वारा शरारती बच्चों की पिटाई किए जाने के बाद।
9. घ) सभी विकल्प सही है
10. क) अब उन्हें अकेलापन अच्छा लगने लगा या अकेलेपन से बोरियत खत्म हो गई।
11. घ) i, ii, iv सही है
12 क) उसके पिताजी दत्ताजी राव की बात कभी नहीं टालेंगे ,कारण वह उनकी इज़्ज़त करते थे ।
13. घ) उपर्युक्त सभी

14. ख) 11 बजे तक
15 ख) संघर्ष करना / जूझारुपन
16 घ) अपनी माँ से
17 ग) दोनो कारण सही है
18. ग) कथन और कारण दोनों सही
19. घ) मंत्री
20 ग) गुजराती
21 **ग)** आत्मकथात्मक शैली या आत्मकथात्मक उपन्यास
22. ख) रखमाबाई
23. घ) उपर्युक्त सभी
24. ख) पांचवी कक्षा में
25 **क)** रत्नाप्पा

<u>अतीत में दबे पांव</u>

1.**अतीत में दबे पांव" नामक पाठ के लेखक कौन है**

क) ओम थानवी
ख) ओम राउत
ग) ओम सारस्वत
घ) ओम थान

2.**अतीत में दबे पांव" पाठ की विधा क्या हैं**

क) संस्मरण
ख) उपन्यास
ग) काव्य संग्रह
घ)एक यात्रा वृत्तांत और रिपोर्ताज

3.**अतीत में दबे पांव" नामक पाठ में किस सभ्यता का वर्णन हैं ?**

क) माया सभ्यता
ख)मुअनजो -दड़ो (सिंधुकालीन)
ग) पल्लवा
घ)झेलम

4.**वर्तमान में यह पुरातात्विक स्थल कहां है ?**

क) पाकिस्तान के सिंध प्रांत में
ख) पाकिस्तान के कराची में
ग) दिल्ली में
घ)हरियाणा में

5.**मोहनजोदड़ो किस नदी के तट पर स्थित हैं-**

क) सिंधु नदी
ख)झेलम नदी
ग)सतलुज नदी
घ)कोसी नदी

6.**मुअनजो -दड़ो किस काल के शहरों में सबसे बड़ा शहर है -**

क) लौहकालीन

ख)ताम्रकालीन

ग)प्रस्तरयुग

घ)कलियुग

7.**मुअनजो -दड़ो का अर्थ क्या है ?**

i) मृतकों या मुर्दों का टीला

ii) जल संस्कृति

क) केवल i)

ख) i और ii

ग) दोनो गलत है

घ) दोनो सही है

8..**सिंधु नदी के पानी से बचने के लिए जमीन की सतह को किस तरह ऊपर उठाया गया था**

क)कच्ची - पक्की ईंटों की चिनाई से (टीलों के रूप में)

ख)पत्थर से

ग) सिंधू नदी से प्राप्त मिट्टी से

घ) पेड से

9.**मेसोपोटेमिया के अभिलेखों में प्रयोग शब्द संभवत किसके लिए प्रयोग "मेलुहा" होता होगा**

क) हडप्पा के लिए

ख)सिंधू घाटी के लिए

ग)पूर्व पाकिस्तान के लिए

घ) मोहनजोदड़ो के लिए

10.**कोठार किसके काम आता होगा?**

क) सुरक्षा के लिए

ख) धन जमा करने के लिए

ग) अनाज जमा करने के लिए

घ) पानी जमा करने के लिए

11.**दाढ़ी वाली मूर्ति का नाम क्या रखा गया है?**

क) मुख्य नरेश

ख) धर्म नरेश

ग) याजक नरेश

घ) गौण नरेश

12. **मुअनजो-दड़ो हड़प्पा से प्राप्त हुई नर्तकी की मूर्ति किस राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी हुई है?**

क) इस्लामाबाद संग्रहालय में

ख) लाहौर संग्रहालय में

ग) दिल्ली संग्रहालय में

घ) लंदन संग्रहालय में

14. **मुअनजो-दड़ो की गलियों तथा घरों को देखकर लेखक को किस प्रदेश का ख्याल आया?**

क) हरियाणा

ख) पंजाब

ग) उत्तर प्रदेश

घ) राजस्थान

15. **मुअनजो-दड़ो के घरों में टहलते हुए लेखक को किस गाँव की याद आई?**

क) शुभधरा

ख) बुलधरा

ग) कुलघड़ा

घ) कुलधरा

16. **मुअनजो-दड़ो की खुदाई में निकली पंजीकृत चीज़ों की संख्या कितनी थी?**

क) 50 हजार से अधिक

ख) 20 हजार से अधिक

ग) 30 हजार से अधिक

घ) 60 हजार से अधिक

17**. अजायबघर में तैनात व्यक्ति का नाम क्या था?**

क) नवाज़ खान

ख) मोहम्मद खान

ग) अली नवाज़

घ) अली बख्तावर

18**. सिंधु सभ्यता की खूबी क्या है?**

क) सौंदर्य-बोध

ख) . संस्कृति-बोध

ग) सभ्यता-बोध

घ) नागर-बोध

19**. लेखक ने सिंधु सभ्यता के सौंदर्य-बोध को क्या नाम दिया है?**

क) राज-पोषित

ख) धर्म-पोषित

ग) व्यापार-पोषित

घ) समाज-पोषित

20. **मुअनजो-दड़ो अपने काल में किसका केंद्र रहा होगा?**

क) धर्म का

ख) व्यापार का

ग) राजनीति का

घ) . सभ्यता का

21. **भग्न इमारत में कितने खंभे हैं?**

क) 40 खंभे

ख) 30 खंभे

ग) 15 खंभे

घ) 20 खंभे

22. **'डीके' हलका किसके नाम पर रखा गया है?**

क) दयाकाशीनाथ के

ख) दीक्षितकाशीनाथ के

ग) धर्मकाशीनाथ के

घ) दयालुकाशीनाथ के

23.**सिंधु घाटी सभ्यता में कौन से फल उगाए जाते थे ?**

i)खजूर

ii) अंगूर

क) केवल i

ख) केवल ii

ग) i औरii

घ) i और ii कोई नहीं

24.**मोहनजोदड़ो के सबसे ऊंचे चबूतरे में क्या विद्‌यमान हैं ?**

क) बौद्‌ध स्तूप

ख) स्नानघर

ग) मंदिर

घ) कलाघर

25.**स्तूप से महाकुंड की ओर जाने वाले रास्ते का नाम क्या रखा गया है ?**

क महानगर

ख डिविनिटी स्ट्रीट यानि देव मार्ग

ग नगर मार्ग

घ सिंधुमार्ग

उत्तर संकेत

1. क) ओम थानवी
2. घ) एक यात्रा वृत्तांत और रिपोर्ताज
3. ख) मुअनजो -दड़ो (सिंधुकालीन)
4. क) पाकिस्तान के सिंध प्रांत में
5. क) सिंधु नदी
6. ख) ताम्रकालीन
7 क) केवल i)
8 क) कच्ची - पक्की ईंटों की चिनाई से (टीलों के रूप में)
9. घ) मोहनजोदड़ो के लिए
10. ग) अनाज जमा करने के लिए
11 ग) याजक नरेश
12. ग) दिल्ली संग्रहालय में
14. घ) राजस्थान
15. घ) कुलधरा
16. क) 50 हजार से अधिक
17. ग) अली नवाज़
18. घ) नागर-बोध
19. घ) समाज-पोषित
20. घ) . सभ्यता का
21. घ) 20 खंभे
22. ख) दीक्षितकाशीनाथ के
23.ग) i औरii
24. क) बौद्ध स्तूप
25. ख(डिविनिटी स्ट्रीट यानि देव मार्ग

सिल्वर वैडिंग

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए-

प्रश्न 1-सिल्वर वैडिंग कहानी के विषय में सत्य कथन है?

(अ) यह कहानी एक आदर्शवादी व्यक्ति की है जो स्वयं को बदलते परिवेश में ढालने में सक्षम नहीं है।

(ब) कहानी में परिवार के अन्य सदस्य संवेदनशील हैं वे यशोधर बाबू के प्रति सहानुभूति रखते हैं।

(स)यशोधर बाबू के अलग थलग पड़ जाने में उनके परिवार का कोई योगदान नहीं है।

(द)किशन दा यशोधर बाबू का भला चाहते थे, उन्होंने उन्हें हमेशा अच्छी राह दिखाई।

क. केवल अ

ख. अ और ब

ग. अ, ब, स तीनों

घ. अ और द

प्रश्न 2.सिल्वर वेडिंग कहानी की मूल संवेदना है→

क. आधुनिकता की चकाचौंध

ख. परायापन

ग. पीढ़ी अंतराल

घ. संस्कारों की उपेक्षा

प्रश्न 3- कथन :अपनी सिल्वर वैडिंग पर यशोधर बाबू ऊनी गाउन पाकर खुश नहीं हैं।

कारण :उन्होंने अपने पुत्र से इतने सस्ते उपहार की आशा नहीं की थी।

क. दोनों सही

ख. दोनों ग़लत

ग. कथन सही कारण ग़लत

घ. कथन ग़लत कारण सही

प्रश्न 4- यशोधर बाबू अपने परिवार के लोगों से क्या अपेक्षा रखते हैं?

अ. उन्हें समाज का सम्मानित बुजुर्ग समझा जाए

ब.बच्चे उनके कहे हुए को पत्थर की लकीर समझें।

स.कोई भी फ़ैसला लेते समय उनकी भी सहमति ली जाए

द. कोई भी उनसे सलाह मशविरा करके उनकी शांति में ख़लल न डाले।

क. अ और ब

ख. ब और स

ग. स और द

घ. स और अ

प्रश्न 5- भरे पूरे परिवार में यशोधर बाबू स्वयं को अकेला पाते हैं क्योंकि →

क. उनके मन में पुराने संस्कार घर कर चुके हैं

ख. वे धार्मिक प्रवृत्ति के हैं

ग. वे प्राचीन दायरे से बाहर नहीं निकल पाए

घ. इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 6-अपने सिल्वर वेडिंग के दिन यशोधर बहुत देर तक संध्या पूजन करते रहे । वे ऐसा क्यों कर रहे थे?

क. यह उनका नित्य का नियम था।

ख. उन्हें रंग में भंग डालने में आनंद आता था।

ग. वे चाहते थे कि मेहमान चले जाएँ और उन्हें उनसे भेंट न करनी पड़े।

घ. वे अपने सुखद वैवाहिक जीवन के लिए विशेष प्रार्थना कर रहे थे।

प्रश्न 7-'सिल्वर वैडिंग' पाठ में 'जो हुआ होगा' वाक्य का अर्थ है-

क)पाश्चात्य विचारधारा के संदर्भ में (ख) परिवार की संरचना के संदर्भ में

(ग)किशनदा की मृत्यु के संदर्भ में (घ) यशोधर बाबू की नियुक्ति के संदर्भ में

प्रश्न 8- किशन दा के रिटायर होने पर यशोधर बाबू उनकी सहायता नहीं कर पाए थे क्योंकि -

क) यशोधर बाबू की पत्नी किशनदा से नाराज़ थीं।

ख) क्योंकि यशोधर बाबू के घर में किशन दा के लिए स्थान का अभाव था ।

ग) यशोधर बाबू का अपना परिवार था जिसे वे नाराज़ नहीं करना चाहते थे

घ) किशन दा को यशोधर बाबू ने अपने घर में स्थान देना चाहा था जिसे किशन दा ने स्वीकार नहीं किया ।

प्रश्न 9- कहानी 'सिल्वर वेडिंग' के अनुसार -" यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं।" यशोधर बाबू की असफलता का क्या कारण था? सही विकल्प का चयन कीजिए -

क) किशनदा उन्हें भड़काते थे ख)पत्नी बच्चों से अधिक प्रेम करती थी

ख) पीढ़ी के अंतराल के कारण घ)वे परिवर्तन को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाते थे

प्रश्न 10- ऑफिस से निकलकर यशोधर बाबू कहाँ चले जाते थे?

क) क्वार्टर में ख) बिरला मंदिर ग) गोल मार्किट घ) पहाड़ी पर

प्रश्न11- यशोधर बाबू गोल मार्किट में ही क्यों रहना चाहते थे ?

क) क्योंकि वहाँ से उनकी यादें जुड़ी हुई थीं

ख) क्योंकि वे बच्चों को सामाजिक बनाना चाहते थे ।

ग) क्योंकि उन्हें पैसा बचाना था।

घ) क्योंकि उनका घर सुंदर था।

प्रश्न 12-यशोधर बाबू अपने जीवन में किससे प्रभावित थे ?

क) कृष्णानंद पांडे ख)कृष्णानंद वर्मा ग)कृष्णानंद शर्मा घ)कृष्णानाद गुप्ता

प्रश्न 13- माँ की मृत्यु के बाद यशोधर बाबू किसके पास रहे ?

क) विधवा बुआ के पास ख)विधवा चाची के पास

ग) विधवा मामी के पास घ)विधवा मौसी के पास

प्रश्न 14- यशोधर बाबू को ऐसा कब लगा कि किशनदा उनके अंगों में उतर आए हैं?

क) जब उनकी पत्नी ने उन्हें उपहार में ऊनी गाउन दिया।

ख) जब उनकी पुत्री ने उन्हें उपहार में रेशमी गाउन दिया

ग) जब उनके पुत्र ने उन्हें उपहार में ऊनी गाउन दिया।

घ) जब उनके अधीनस्थ (मेनन और चड्ढा) ने उपहार में उन्हें ऊनी शाल दिया

प्रश्न 15- सिल्वर वैडिंग का आयोजन क्यों हुआ था?

क) यशोधर बाबू की शादी के पचास साल पूरे होने के उपलक्ष्य में

ख) यशोधर बाबू की शादी के पच्चीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में

ग) यशोधर बाबू की शादी के तीस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में

घ) यशोधर बाबू की शादी के पचहत्तर साल पूरे होने के उपलक्ष्य में

प्रश्न 16-बिखरे परिवार के प्रति यशोधर बाबू के लगाव को बच्चे किस दृष्टि से मूर्खतापूर्ण मानते हैं?

क) सामाजिक दृष्टि से ख) सांस्कृतिक दृष्टि से

ग) राजनैतिक दृष्टि से घ) आर्थिक दृष्टि से

प्रश्न 17- अपने बच्चों की तरक्की से खुश होने के बाद भी यशोधर बाबू को कौन-सी बात खटकती है?

क) अच्छा खाना खाना ख) पैदल दफ्तर जाना

ग) गरीब रिश्तेदारों की उपेक्षा घ) बिरला मंदिर जाना

प्रश्न 18-यशोधर पंत को अपने बड़े बेटे की प्रतिभा किस स्टार की लगती है?

क) निम्न स्तर की ख साधारण स्तर की(ग उच्च स्तर की(घ मध्यम स्तर की(

प्रश्न 19- ऑफिस में यशोधर बाबू की शादी की बात कैसे हुई ?

क) ऑफिस से जल्दी जाने पर ख) ऑफिस में लेट आने पर

ग) घड़ी के बारे में चर्चा करने पर घ) समय पर काम खत्म करने पर

प्रश्न 20- निम्न लिखित कथन और कारण को ध्यान पूर्वक पढिए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) : यशोधर बाबू अपनी पत्नी के विद्रोह का मज़ाक ''बूढ़ी मुँह मुहाँसे,लोग करे,लोग करें तमाशे, चटाई का लहँगा,शानयल बुढ़िया,आदि'' कहकर उड़ते थे ।

कारण :उनके यह सब कहने के बाद भी वह आधुनिक जीवन मूल्यों को अपना चुकी थी ।

क) कथन (A) तथा कारण (R)दोनों सही हैं तथा कारण,कथन की सही व्याख्या करता है।

ख) कथन(A) गलत है ,लेकिन कारण (R)सही है।

ग) कथन (A) तथा कारण ® दोनों गलत हैं।

घ) कथन (A) सही है,लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

प्रश्न 21-सिल्वर वैडिंग कहानी में घटी निम्नलिखित घटनाओं का सही क्रम क्या है?

अ. यशोधर पंत के घर पर उनकी सिल्वर वैडिंग की पार्टी का आयोजन किया गया।

ब. चड्ढा ने यशोधर बाबू से पार्टी माँगी।

स. यशोधर बाबू को अपने जीजा जनार्दन जोशी की याद आ गयी।

द. वे प्रवचन सुनने बिड़ला मंदिर गए

क. अ,ब,स,द

ख. अ,द,स,ब

ग. ब,द,स,अ

घ. ब,स,द,अ

प्रश्न 22-सिल्वर वैडिंग के पात्र हैं →

क. यशोधर पंत, चड्ढा, मेनन, भूषण,गिरीश

ख. यशोधर पंत,महेश्वर ,टिटी, अशोक

ग. यशोधर पंत, मेनन,भूषण, अशोक

घ. यशोधर पंत, राधिका, चड्ढा,किशन

प्रश्न 23- कथन: यशोधर बाबू को अपनी सिल्वर वैडिंग की पार्टी समहाउ इंप्रापर नहीं लगी।

कारण:उन्हें इस बात का संतोष था कि जितना खर्च उनके विवाह में नहीं हुआ उससे कहीं अधिक उनकी सिल्वर वैडिंग पर हो रहा था।

क. कथन और कारण दोनों सही

ख. कथन और कारण दोनों ग़लत

ग. कथन सही कारण ग़लत

घ. कथन ग़लत कारण सही

प्रश्न 24- जब यशोधर बाबू के बच्चे अपने गरीब रिश्तेदारों की उपेक्षा करते हैं। तब यशोधर बाबू की प्रतिक्रिया क्या होती है ?

क. वे बनावटी गुस्सा दिखाते हैं पर मन ही मन खुश भी होते हैं क्योंकि रिश्तेदारों नें उनके साथ भी कोई अच्छा व्यवहार नहीं किया था।

ख. वे बच्चों पर बहुत क्रोधित होते हैं और ऐसा करने पर घर से निकाल देने की नसीहत देते हैं।

ग. वे उन्हें बड़े प्यार से समझाते हैं ।

घ. यह बात उन्हें अच्छी तो नहीं लगती पर जैनरेशन गैप को दोष देकर अपने मन को तसल्ली दे लेते हैं।

प्रश्न 25- किशनदा सुबह सैर से लौटते हुए अपने मानस-पुत्र यशोधर जी को उनके क्वार्टर में झाँककर क्या कहना न भूलते ?

(क) फार फ्राम द मैडिंग क्राउड

ख) हैल्दी - वैल्दी एंड वाइज

ग) समहाउ इम्प्रोपर

घ) मिनिट टू मिनिट करेक्ट

जूझ-आनंद यादव

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिए-

1- 'जूझ' पाठ में लेखक पढ़ाई क्यों करना चाहता था?

(क) वह व्यापार कर सके ।

(ख) पढ़ लिख कर उसे नौकरी मिल जाए और चार पैसे हाथ में रहें ।

(ग) वह वैज्ञानिक बन सके।

(घ) उसे राजनेता बनने का शौक था।

2-लेखक जब अपनी कविता दिखाने 'सौंदलगेकर मास्टर' के पास जाता तो, वह उसे क्या समझाते ?

(1) मास्टर उसे अपनी कविता सुनाकर कहते कि ऐसे कविता लिखो।

(2) मास्टर उसे अगले दिन आने के लिए कह देते।

(3) मास्टर उसे भाषा, छंद, अलंकार, लय, शुद्ध लेखन के बारे में लेखक को समझाते।

(4) अगली दिन कक्षा में बताने का अश्वासन देते।

3- 'जूझ' पाठ के अनुसार कविता के प्रति लगाव से पहले और उसके बाद अकेलेपन के प्रति लेखक की धारणा में क्या बदलाव आया?

(1) अकेलापन उपयोगी है। (2) अकेलापन डरावना है।

(3) अकेलापन कष्ट देता है। (4) अकेलापन सामान्य प्रक्रिया है।

4- गाँव के अन्य किसान 'ईख' को ज्यादा दिन खेतों में क्यों रखते थे ?

(1) गुड़ का दाम बढ जाता है। (2) गुड़ ज्यादा निकलता है।

(3) मजदूर आसानी से मिल जाते है। (4) कटाई करना आसान हो जाता है।

5- आनंदा और उसकी माँ ने दत्ताजी राव के पास जाने की योजना क्यों बनाई ?

(1) ताकि दत्ताजी राव उसका लगान माफ कर दे।

(2) ताकि दत्ताजी राव उसकी कुछ आर्थिक सहायता कर दे।

(3) ताकि दत्ताजी राव लेखक को पाठशाला भेजने के लिए दादा को समझाकर राजी कर सके।

(4) उपरोक्त सभी ।

6- लेखक का विश्वास विद्यालय में पुनः क्यों बढ़ने लगा ?

(1) विद्यालय में पुरस्कार मिलने के कारण ।

(2) मंत्री अध्यापक से वाह-वाही मिलने के कारण ।

(3) अध्यापकों के अपनेपन और वसंत पाटिल से दोस्ती के कारण।

(4) कक्षा का मानिटर बनाए जाने के कारण।

7- 'जूझ' कहानी के माध्यम से किसके संघर्ष को अभिव्यक्ति प्रदान की गई है?

(1) खेतिहर मजदूरों के संघर्ष।

(2) आनंदा के जीवन का संघर्ष ।

(3) गरीब माँ का संघर्ष ।

(4) अध्यापक के जीवन का संघर्ष ।

8- 'जूझ' कहानी में आनंदा के उच्च स्तरीय कवि बनने तक का सफर किस बात का प्रमाण है?

(1) उसके परिश्रम एवं लगन का।

(2) केवल अपने मन की बात करने का।

(3) अध्यापक के सहायता की।

(4) पढ़ाई के साथ-साथ खेती करने की।

9- आनंदा और उसकी माँ ने दत्ताजी राव को किस बात के लिए सचेत कर दिया था?

(1) दादा को खेती के काम करने का लिए विवश करे ।

(2) दादा का बाहर घूमना बंद कर दिया जाए।

(3) आनंदा को खेती में काम ना करने दिया जाए।

(4) उन दोनों के उनके पास आने की बात दादा को न बताएं।

10- "आने दे अब उसे, मैं उसे सुनाता हूँ कि नहीं अच्छी तरह देख।" यह कथन किसने व किससे कहा?

(1) दत्ताजी राव ने लेखक के पिता से ।

(2) दत्ताजी राव ने लेखक की माता से ।

(3) लेखक के पिता ने लेखक से।

(4) मंत्री मास्टर ने वसंत पाटिल से ।

11-दादा ने दत्ता जी राव के सामने आनंद को विद्यालय से निकालने का क्या कारण बताया?

(1) आंनद चौथी कक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया था।

(2) आनंद को पढ़ाने के लिए पैसे नहीं है।

(3) आनंद को चोरी करने, सिनेमा देखने और खेती के काम से जी चुराने की आदत पड़ गई थी।

(4) घर और खेती के काम-काज के कारण।

12- 'जूझ' कहानी में लेखक के पिता ने उसे विद्यालय भेजने के लिए क्या शर्त रखी?

(1) पाठशाला जाने से पहले ग्यारह बजे तक खेत में काम करना होगा।

(2) अगर किसी दिन खेत में ज्यादा काम होगा तो उसे पाछशाला नहीं जाना होगा।

(3) छुट्टी के बाद घर में बस्ता रखकर सीधे खेत पर आकर घंटा भर ढोर चराना होगा।

(4) उपरोक्त सभी।

13- जूझ कहानी में लेखक किसकी प्रेरणा से कवि बना

(1) गणित के अध्यापक मंत्री की प्रेरणा से ।

(2) मराठी के अध्यापक सौंदलगेकर की प्रेरणा से।

(3) वसंत पाटिल की प्रेरणा से।

(4) दत्ताजी राव की प्रेरणा से।

14- खेत में काम करते हुए अगर लेखक के पास 'कागज और पेंसिल' न होता तो वह क्या करता?

(1) वह कविता अपने हथेली पर लिखता ।

(2) वह उस दिन उदास हो जाता और कुछ नहीं लिखता ।

(3) वह लकड़ी के छोटे टुकड़े से भैस की पीठ पर रेखा खींच कर लिखता या किसी शिला पर कंकड़ से।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं।

15- जूझ कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

(1) खेती-बाड़ी में कोई भविष्य नहीं होता।

(2) अच्छे कार्य के लिए झूठ बोलना गलत नहीं है।

(3) सहपाठी तो हँसी-मजाक करते है। उनसे दोस्ती बनाकर रखनी चाहिए।

(4) जीवन में कितनी तकलीफें क्यों न आयें, हमें हमेंशा जुझारू रहना चाहिए।

16- **कविता के प्रति रुचि जगाने में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है ? "जूझ " कहानी के आधार पर सटीक विकल्प का चयन कीजिए।**

(क) अनन्दा की।

(ख) दत्ता राव की।

(ग) मा० सौंदलगेकर की।

(घ) पाटिल की।

17- **"जूझ "कहानी में कौनसी बात आपको सर्वाधिक प्रेरक लगती है?सही विकल्प का चयन कीजिए।**

(क) पाटिल का जुझारूपन

(ख) दत्ता का जुझारूपन

(ग) आनन्दा का जुझारूपन।

(घ) माता का जुझारूपन।

18- **स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक में कैसे पैदा हुआ ?**

(क) मास्टर सौंदलगेकर की कविता पढ़ने के ढंग से

(ख) मराठी कविताओं को पढ़ने के कारण

(ग) छंद, गति, लय आदि को जान लेने के बाद

(घ) कविता में रूची होने के कारण।

19- दादा ने दत्ता जी राव के सामने आनंद को विद्यालय से निकालने का क्या कारण बताया?

(क) आनंद चौथी कक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया था।

(ख) आनंद को चोरी करने,सिनेमा देखने और खेती के काम से जी चुराने की आदत पड़ गई है।

(ग) आनंद को पढ़ाने के लिए पैसे नहीं हैं ।

(घ) उपरोक्त सभी ।

20- जूझ पाठ का शीर्षक उपयुक्त है क्योंकि --

(क) पाठ में मुख्य नायक (लेखक) के संघर्ष से जूझने की प्रवृत्ति के कारण ।

(ख) लेखक पढ़ता रहता था ।

(ग) लेखक खेती के काम में संघर्ष करता था ।

(घ) लेखक की माता के संघर्ष से जूझने की प्रवृत्ति के कारण ।

21-मंत्री गणित के अध्यापक के बारे में कौन सी बातें असत्य है ?

(क) वह उधम करने वाले बच्चों की पिटाई कर देते थे ।

(ख) वह पढ़ाई करने वाले लड़कों को शाबाशी देते ।

(ग) बच्चे 'मंत्री' गणित के अध्यापक के डर से पढ़कर आते ।

(घ) मंत्री अध्यापक बच्चों को रोज दो कविताएं सुनाते थे ।

22-मराठी अध्यापक के अध्यापन के विषय में क्या असत्य है ?

(क) वे कविता को सुरीले गले ,छंद की बढ़िया चाल, रसिकता के साथ पढ़ाते थे ।

(ख) वे अभिनय के साथ कविता का भाव ग्रहण कराते ।

(ग) वे प्रसिद्ध कवियों के संस्मरण भी सुनाते ।

(घ) कविता सुनाते समय अगर कोई बच्चा बोल दे तो उसकी पिटाई कर देते ।

23- 'जूझ' कहानी में आनंदा के उच्चस्तरीय कवि बनने तक का सफर किस बात का प्रमाण है ?

क . उसके परिश्रम एवं लगन का

ख . पिता की बात को महत्व ना देने का

ग . झूठ बोल कर पढ़ाई करने का

घ . केवल अपने मन की करने का

24-'जूझ' कहानी के नायक द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ खेती का काम करने का क्या प्रभाव पड़ा ?

(क)उसकी पढ़ाई के प्रति रुचि कम हो गई ।

(ख)उसका मन निराशा और खीझ से भर गया।

(ग)वह अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहा।

(घ)प्रतिकूल परिस्थितियों ने उसके दृढ़ निश्चय को तोड़ दिया

25- **नीचे एक कथन और उसके दो कारण दिए गए।दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए ।**

कथन– आनंद का विश्वास विद्यालय में पुनः बढ़ने लगा

कारण - (1) मंत्री अध्यापक से वाह वाही मिलने के कारण

(2) अध्यापकों के अपनेपन और वसंत पाटिल से दोस्ती के कारण

(क) कारण 1 सही है ।

(ख) कारण 2 सही है ।

(ग) कारण दोनों सही है ।

(ग) कारण दोनों गलत है ।

उत्तरमाला

सिल्वर वैडिंग

1-घ	2-ग	3-ख	4-घ	5-ग	6-ग	7-ग	8-ग	9-घ	10-ख
11-क	12-क	13-क	14-ग	15-ख	16-घ	17-ग	18-ख	19-ग	20-क
21-ग	22-क	23-घ	24-घ	25-ख					

जूझ आनंद यादव

1-ख	2-ग	3-क	4-ख	5-ग	6-ग	7-ख	8-क	9-घ	10-ख
11-ग	12-घ	13-ख	14-ग	15-घ	16-ग	17-ग	18-क	19-ख	20-घ
21-ग	22-घ	23-क	24-ग	25-ग					